हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 10 मई 2026

चुनावी बिगुल बजते ही बढ़ी सरगर्मी, कांग्रेस और भाजपा में बिछने लगी बिसात

नवगठित नगर पंचायत में चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज, वार्ड स्तर पर प्रत्याशियों की तलाश में जुटे दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

आगामी नगर पंचायत चुनावों को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है। घुमका में चुनावी बिगुल बजते ही कांग्रेस और भाजपा दोनों ही प्रमुख दलों ने अपनी-अपनी रणनीतियां बनानी शुरू कर दी है, जहां एक ओर कांग्रेस अपने पुराने गढ़ को बचाने और अनुभवी चेहरों पर दांव खेलने की तैयारी में हैं। वहीं भाजपा नए समीकरणों के साथ मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। प्रत्याशी चयन को लेकर शनिवार को कांग्रेस ने एक बैठक भी की।

दोनों ही दल ऐसे प्रत्याशी की तलाश में है, जिनका मतदाताओं में मजबूत पकड़ हो। कांग्रेस से जहां डॉली पीयूष दुबे पूर्व पंच, फूलमती जय वर्मा पूर्व सरपंच के नाम प्रमुख बताए जा रहे हैं। वहीं भाजपा में बिंदेश्वरी मनीष वर्मा, शांति निर्मलकर पूर्व जनपद सदस्य, मधु जंघेल के नाम की चर्चा है। हालांकि दोनों ही दल नए नाम को अपना प्रत्याशी बनाकर चौका भी लगा सकते हैं।

घुमका नगर पंचायत का यह चुनाव दिलचस्प होने वाला है। पहली बार हो रहे चुनाव को लेकर दोनों ही दलों के आलाकमान प्रत्याशियों के नामों पर अंतिम मुहर लगाने से पहले क्षेत्रीय समीकरणों को बारीकी से तौल रहे हैं। अब देखना यह होगा कि जनता किस पर अपना भरोसा जताती है।

4 हजार वोटर चुनेंगे सरकार

घुमका नगर पंचायत के पंद्रह वार्ड में लगभग चार हजार मतदाता हैं। पहली बार यहां नगर पंचायत का चुनाव होना है। ऐसे में नेताओं के लिए भी परीक्षा कठिन होने वाली है। बताया गया कि जाति को ध्यान में रखकर भी टिकट वितरण किया जाएगा।

डॉली दुबे

फूलमती वर्मा

विंदेश्वरी वर्मा

कल से नामांकन : घुमका नगर पंचायत चुनाव को लेकर कल 11 मई से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी।

दोनों दलों ने शुरू की तैयारियां

घुमका नगर पंचायत चुनाव की घोषणा के साथ ही कांग्रेस और भाजपा ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन यादव ने आज घुमका पहुंचकर कांग्रेसजनों के साथ एक बैठक भी की। जिसमें उन्होंने अध्यक्ष सहित पैनल तैयार करने के लिए स्थानीय नेताओं को जिम्मेदारी दी है। वहीं भाजपा ने प्रत्याशी चयन को लेकर मंथन का दौर शुरू कर दिया है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि एक-दो दिनों के भीतर बैठक आहूत कर पैनल तैयार कर लिया जाएगा।

खबर संक्षेप

स्कॉर्पियो और डंपर की टक्कर, ड्राइवर की मौत

राजनांदगांव। शहर में बारातियों को छोड़ने के बाद एक स्कार्पियों वाहन वापस गांव लौट रहा था। वह अछोली चौक के पास बीती रात पहुंचा ही था कि सड़क पर खड़ी डंफर में पीछे से जा टकराया। इस घटना में स्कार्पियों वाहन चालक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम अछोली के पास खैरागढ़-डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग में बीती रात लगभग एक स्कार्पियों वाहन सड़क पर खड़ी डंफर वाहन में पीछे से जा टकरा गई। बताया गया कि इस घटना में स्कार्पियो वाहन का सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं वाहन चालक को गंभीर चोंटे आई थी, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक वाहन चालक का नाम विजय कुमार पटेल 24 वर्ष ग्राम नागतरई निवासी बताया गया है। पुलिस के मुताबिक स्कार्पियो वाहन में बारातियों को राजनांदगांव छोड़ने के बाद वाहन को लेकर चालक वापस जा रहा था। वह डोंगरगढ़ क्षेत्र के अछोली दुर्गा चौक के पास पहुंचा ही था कि उक्त दुखद हादसा हो गया। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

माय एंगल

बांध किनारे बैठे थे युवक, चपेट में आने से एक बंदर की भी हुई मौत

आकाशीय बिजली गिरने से सोमनी में दो युवकों की दर्दनाक मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार की शाम आकाशीय बिजली गिरने से तीन युवक इसकी चपेट में आ गए। जिसमें से दो युवकों की मौत हो गई है। वहीं एक युवक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए सोमनी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बीते लगभग चार दिनों से मौसम में बदलाव के चलते देर शाम आंधी, बारिश और बिजली कड़कने की घटना हो रही है। इसी बीच शनिवार की शाम लगभग 5.30 बजे सोमनी बाजार पाठ क्षेत्र के जलाशय क्रमांक 2 में सोमनी के 18 वर्षीय नीलकमल निषाद, 19 वर्षीय डोमेश बघेल और 18 वर्षीय लोकेश बंजारे बैठे हुए थे। इसी दौरान अचानक तेज गड़गडाहट के साथ आकाशीय बिजली गिरने से तीनों युवक इसकी चपेट में आ गए। इसके बाद आसपास के लोगों की मदद से युवकों को सोमनी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से नीलकमल निषाद और डोमेश बघेल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल युवक लोकेश बंजारे का उपचार सोमनी अस्पताल में जारी है। बताया जा रहा है कि जिस समय युवकों पर बिजली गिरी, इस वक्त वहां पर पेड़ पर बैठा एक बंदर भी इसकी चपेट में आ गया। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बंदर की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटनाक्रम की सूचना मिलते ही पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने वस्तुस्थिति की जानकारी ली, वहीं पीड़ितों के परिजनों से विस अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह से फोन पर बात भी कराई।

मौके पर ही युवक बेसुध

युवकों पर बिजली गिरने की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। इस दौरान आनन-फानन में डायल 112 को कॉल करने पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से युवकों को अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि दोनों युवक मौके पर ही बेसुध हो गए थे।

शाम के वक्त रहता है जमावड़ा

सोमनी बाजार पाठ जलाशय क्षेत्र में शाम के वक्त युवकों का जमावड़ा रहता है। शनिवार को भी यहां युवक बैठे हुए थे, तभी तीन युवकों पर अचानक बिजली गिरने से आसपास के युवक भी दहशत में भाग खड़े हुए।

0 **राजनांदगांव**। गातापार थाना क्षेत्रांतर्गत वाहनों में अवैध रूप से मवेशियों को ले जाने के दो अलग अलग मामले में आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की है। आरोपियों से दो पिकअप वाहन जब्त किया गया है। वहीं 11 गौवंश को बरामद किया गया है।

समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त

डॉ. जय टॉक
एम.डी.एस.
(ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन)

उपलब्ध सुविधाएं
- चेहरे एवं मुँह के अंदर कैंसर का उपचार
- जबड़े के जोइन्ट की सर्जरी
- दांतों के इम्पलान्ट् कार्य के स्पेशलिस्ट
- दुर्घटना से चेहरे की टूटी हड्डी का निशान रहित सर्जरी
- मुँह अथवा जबड़ों में कैंसर एवं गाँठ की सर्जरी
- गुटखा तम्बाखू आदि के सेवन से मुँह का कम खुलना
- कटेफटे कान, होठ और जन्मजात चेहरे एवं मुँह के विकृत अंगों का पुनर्निर्माण जबड़ों का टेढ़ेपन का इलाज
- चेहरे या सर में दर्द का इलाज
- अकल (विज़्डम) दाढ़ की सर्जरी
- चेहरे के समस्त रोग एवं दर्द का उपचार
- चेहरे के घावों का उपचार
- मुँह का कम खुलने का इलाज
- चेहरे व गले में किसी प्रकार के गांठ,
- दाग, घाव मसा का निदान
- जबड़े के फेक्चर का उपचार

अपॉइंटमेंट - 077443 56654, 94255 29769
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

बर्थ-डे पार्टी मनाने मनगटा रिसोर्ट गए बालक की करंट लगने से मौत

- घटना के बाद शोक की लहर व्याप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बर्थ-डे पार्टी मनाने के लिए मनगटा के एक रिसोर्ट में गया बालक करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। आक्रोशित लोगों ने इस मामले में सडक में प्रदर्शन कर उचित मुआवजे की मांग भी की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत मनगटा स्थित एक रिसोर्ट में बर्थ-डे पार्टी मनाने के लिए शहर के कुछ लोग बीती रात गए हुए थे। बताया गया कि इस दौरान स्वीमिंग पुल के पास एक 14-15 वर्षीय बालक यासिन खान करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसे उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इधर इस घटना की खबर जैसे ही लोगों को मिली शोक की लहर व्याप्त हो गई।

मुआवजे को लेकर प्रदर्शन

इस मामले को लेकर मृतक के परिजन व अन्य लोगों में शोक व रोष का वातावरण निर्मित था। सोमनी चिकित्सालय के मरच्युरी के पास आज सुबह से ही लोग एकत्र हो गए थे। इस दौरान रिसोर्ट के मालिक को मौके पर बुलाकर उचित मुआवजे की मांग की जाने लगी। आक्रोशित लोगों ने सड़क पर उतरकर चक्काजाम प्रदर्शन करने का भी प्रयास किया। मौके पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे। मुआवजा संबंधी मामला सुलझ जाने के पश्चात लोग शांत हुए। सोमनी पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

6 घंटे मशक्कत बाद आग पर पाया गया काबू

राइस मिल में लगी आग से मशीन और बारदाने खाक, 80 लाख रुपए का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के कांकेतरा स्थित राइस मिल केएस इंडस्ट्रीज में आज सुबह भीषण आगजनी हो गई। जिसमें राइस मिल के भीतर रखे लगभग 2 लाख बारदाने आग में जलकर खाक हो गए।

कांकेतरा स्थित एसके इंडस्ट्रीज में आज सुबह आग की लपटे उठते देख लोग दहशत में आ गए। आनन-फानन में मिल संचालक और फायर ब्रिगेड एवं पुलिस को आगजनी की सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों और फैक्ट्री के कर्मचारी की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। दो दमकल वाहन के माध्यम से लगभग 6 घंटे की मशक्कत के बाद इस आग पर काबू पाया गया। राइस मिल के एक हिस्से में लगी इस आग से लगभग 2 लाख से अधिक बारदाने जलकर खाक हो गए। इस आगजनी से लगभग 70 से 80 लाख रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है।

शॉर्ट-सर्किट से आगजनी की आशंका

एसके इंडस्ट्रीज राइस मिल में हुई आगजनी की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि शॉर्ट-सर्किट से आगजनी हुई है। गनीमत रही कि समय रहते इस भयावह आग पर काबू पा लिया गया, नहीं तो आग फैलने से करोड़ों का नुकसान हो सकता था। आगजनी के कारणों को लेकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

धान और चावल से भरी रखी थी बोरिया

राइस मिल के जिस हिस्से पर आग लगी थी, वहां पर बड़े पैमाने में हजारों धान और चावल से भरी बोरियां रखी हुई थी। जिससे आग बढ़ाने का खतरा बना हुआ था। दमकल कर्मियों की सूझबूझ और राइस मिल कर्मचारियों की सहायता से इस आग को फैलने से रोका गया। वहीं फायर ब्रिगेड की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग बुझा लिया गया।

खबर संक्षेप

ब्लॉक कांग्रेस के उपाध्यक्ष बने अशफाक तंवर

डोंगरगांव। लंबे समय से कांग्रेस में सक्रिय अशफाक खान शेरू को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। श्री खान के मनोनयन से हर्ष की लहर देखी जा रही है। विधायक दलेश्वर साहू, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव की अनुशंसा से ब्लॉक अध्यक्ष टिकेश साहू ने कार्यकारिणी में युवक कांग्रेस के विभिन्न पदों की जिम्मेदारी संभाल चुके अशफाक तंवर शेरू को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। वह पूर्व में कई महत्वपूर्ण आयोजनों और अभियानों में मुख्य भूमिका निभा चुके है। संगठन में निरंतर सक्रियता को देखते हुए ही शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें उपाध्यक्ष पद के योग्य पाया है।

हरा सोना की तोड़ाई अंतिम चरण पर

सड़क अतरिया। वनांचल में हरा सोना कहे जाने वाले तेंदूपत्ता की तोड़ाई होने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल बना है। अनुमान लगाया जा रहा है कि दो चार दिनों में पत्ता तोड़ाई का काम पूर्ण हो जाएगा। मानपुर, जीराटोला, बगदूर, जंगलपुर, मंडरकुंड आदि गांव में पत्ता तोड़ाई कार्य जारी है। बीते दो तीन दिन से तेज हवा एवं हल्की बारिश से पत्ते एवं पौधों में नमी आने से नुकसान होने का अनुमान था किन्तु अब तक ऐसा देखने नहीं मिला है। पत्ता तोड़ने जंगल जाने वाले लोगों को विभाग द्वारा आवश्यक सावधानी बरतने की हिदायत दिया गया है।

नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

छुईखदान। विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में साल्हेकला में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 52 ग्रामीणों का नेत्र परीक्षण किया गया। मोतियाबिंद से ग्रसित 6 मरीजों का ऑपरेशन हेतु चयन किया गया। चयनित मरीजों का निशुल्क लेंस प्रत्यारोपण कराया जाएगा। जरूरतमंद मरीजों को चश्मा, आई ड्रॉप एवं दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में नेत्र सहायक अधिकारी विनय रामटेके द्वारा साइट सेवर्स संस्था की टीम के सहयोग से नेत्र परीक्षण किया। जिला शाखा के सचिव ने बताया कि विश्व रेड क्रॉस दिवस मानवता, निष्पक्षता, सेवा, स्वैच्छिक सहयोग एवं करुणा के मूल्यों को समर्पित है। कार्यक्रम में जनपद सदस्य, सरपंच, उपसरपंच, मितानिन आदि उपस्थित थे।

रोक के बाद भी जमीन की बिक्री

डोंगरगढ़। जमीन की बिक्री पर रोक लगने के बाद उपरी परमिशन की आड में चल रहा खेल चर्चा का विषय बन गया है। परिक्रमा पथ के अलावा करोडो की लागत से बनने वाली सड़क को ध्यान में रख कर प्रशासन ने कई गांव की जतीन की खरीद बिक्री पर रोक लगा दिया है। बिक्री पर रोक के बाद राजस्व को नुकसान हो रहा है। अंचल के 23 गांव की रजिस्ट्री पिछले 9 माह से रूकी है। जानकारी मिली है कि अगर किसी को जमीन बेचना है तो कलेक्टर के परमिशन से जमीन बेच सकता है। इसी प्रक्रिया में आरआई, पटवारी और दलाल सक्रिय हो गए हैं।

सरकारी योजनाओं की समीक्षा

डोंगरगढ़। भाजपा प्रभारी भावेश बैद, सह प्रभारी किशुन यदु की उपस्थिति में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पार्टी गतिविधियां एवं केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजना अंतर्गत विकास एवं निर्माण कार्य की समीक्षा की गई। बैठक में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सुरेन्द्र सिंग बन्नोआना, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, शहर अध्यक्ष जसमीत सिंग बन्नोआना, कुलवंत सिंग कक्कड, तरूण हत्थेल, सुनील जैन, बिरेन्द्र सोनी, विजेन्द्र ठाकुर, उमा महेश वर्मा, नवीन बंसल, खोरबाहरा सिन्हा, लक्ष्मी यादव, अल्का सहारे, सविता दरगढ उपस्थित थें।

मुसरा स्कूल का परिणाम उत्कृष्ट

डोंगरगढ़। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुसरा का परीक्षा परिणाम गौरवपूर्ण रहा। कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं में 152 में से 119 विद्यार्थी सफल हुए। गणित एवं जीव-विज्ञान संकाय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। वाणिज्य संकाय का परिणाम 94 और कला संकाय का परिणाम 58 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में रितु वर्मा ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। मानसी वर्मा 88.8 प्रतिशत एवं भावना पटेल 86.4 प्रतिशत अंकों के साथ क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 10वीं में 120 में से 112 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। परिणाम 93.33 प्रतिशत रहा। रामकुमार जंघेल ने 90.3 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। योगेश लिल्हारे 88.5, गौरी साहू 87.8 प्रतिशत अंकों के साथ श्रेष्ठ विद्यार्थियों में शामिल रहे। प्राचार्य के. रघुनाथ, सरपंच गायत्री शिव टेंभुरकर ने विद्यार्थियों को सफलता के लिए बधाई दी है।

बैठक में भाजपा प्रभारी का सम्मान

डोंगरगढ़। ग्रामीण मंडल भाजपा की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में ग्रामीण प्रभारी अमित जैन, सह प्रभारी किरण बारले का स्वागत किया गया। बैठक में जैन कुमार मेश्राम, मनीष सोनी, अनिल सिन्हा, उपकार साहू, तेजलाल वर्मा, दिनेश वर्मा, रवि यादव, धर्मचंद वर्मा, कचरू हिरवानी, दिनेश वैष्णव, दुर्गेश्वरी विश्वकर्मा, लखन जंघेल, झूलेंद्र वर्मा, महेंद्र त्रिपाठी, हरदेव वर्मा, बलदेवसिंह, नीरज छेदैया, हीराराम वर्मा, मुरली, नंदकुमार साहू, रामरतन, लखन देशलहरा आदि शामिल हुए। कार्य योजना पर प्रभारी अमित जैन ने प्रकाश डाला।

पानी के लिए परेशान हो रहे गांव वाले

सेतवा में 300 फीट के नीचे पहुंचा जलस्तर, बढ़ा संकट

सरकारी योजनाएं साबित हो रही फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

गंडई नगर से महज 15 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत दुल्लापुर के आश्रित ग्राम सेतवा में पानी की समस्या बनी हुई है। आश्चर्य की बात यह है कि बांध और नदी के नजदीक होने के बावजूद यहाँ का भू-जल स्तर 300 फीट नीचे चला गया है। जलस्तर गिरने से गाँव के अधिकांश हैंडपंप और अन्य जल स्त्रोत दम तोड़ चुके हैं, जिससे ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं।

ग्रामीणों की समस्या को दूर करने के लिए क्रेडा विभाग ने सोलर पैनल युक्त पानी टंकी लगाया गया था लेकिन जलस्तर नीचे होने के कारण टंकी की टेस्टिंग तक नहीं की जा सकी है। इससे पहले कि ठेकेदार काम पूरा कर पंचायत को सौंपता 2025 में आई तेज हवाओं ने सोलर पैनलों को उखाड़ फेंका। तब से यह व्यवस्था ठप है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त योजना केवल ग्राम में जगह घेर रही है।

बोर और कुएं के भरोसे आबादी

क्रेडा विभाग द्वारा ही अन्य स्थान पर सोलर पैनल वाली एक छोटी पानी टंकी लगाई गई थी जिससे कुछ ग्रामीण प्यास बुझाते है, जो गांव की आबादी के हिसाब से ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही है। एक नया बोर में खनन तो कराया गया है, लेकिन वह ग्रामीणों की प्यास बुझाने के लिए काफी नही है। इसके अलावा ग्राम में कुआ है जो 700 सौ आबादी का सहारा बना हुआ है।

आश्वासन मिला

ग्राम पंचायत दुल्लापुर के सरपंच बलराम पटेल ने बताया कि विभाग को स्थिति से अवगत करा दिया गया है। पीएचई ने जल्द बोर खनन कराने का आश्वासन दिया है। हमारी मांग है कि नया बोर बांध के समीप किया जाए, ताकि पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। जलस्तर सुधारने के लिए जल्द ही सोखता गड्ढों का निर्माण कराया जाएगा।

स्वीकृति का इंतजार

पीएचई के प्रभारी एसडीओ दिनेश सिंग ने बताया कि सोलर पैनल के उड़ने की जानकारी मिली थी। विभाग ने सोलर पैनल टंकी के बाजू में बोर खनन कराया था परंतु वहाँ पर्याप्त जल नही है। एक और बोर खनन का प्रस्ताव है। स्वीकृति मिलते ही ग्रामीणों की मंशानुरूप बोर खनन कराया जाएगा।

अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

मुरमुंदा। ग्राम मुरमुंदा के तालाब के सामने शासकीय जमीन पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई किया है। गांव के मोहन बघेल पिता स्व गौतर बघेल निवासी वार्ड नंबर 2 सतनामी पारा द्वारा तालाब से लगी शासकीय भूमि पर बिना पंचायत की अनुमति के दुकान का निर्माण कराया जा रहा था।

ग्रामीणों सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने अवैध निर्माण ना कराने की समझाइश दी थी परन्तु अतिक्रमणकारी ने अवैध निर्माण जारी रखा। आक्रोशित ग्रामवासियों और ग्राम पंचायत मरमुंदा के सरपंच, वार्ड पंचों सहित ग्रामीणों के द्वारा डोंगरगढ़ तहसील कार्यालय पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपकर अवैध निर्माण पर तत्काल रोक लगा शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की गई थी।

कार्यवाही के दौरान तहसीलदार अमिय श्रीवास्तव, अतिरिक्त तहसीलदार श्री मेरिया, पटवारी अनिल वर्मा, सरपंच खेमचंद सोरी, सचिव नारायण देवांगन, आरआई सहित सभी वार्ड के महिला व पुरुष पंच सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

शिकायत के बाद कार्रवाई

शिकायत के आधार पर राजस्व विभाग द्वारा अतिक्रमकारी को दो दिवस के अंदर निर्माण रोककर अतिक्रमण मुक्त करने निर्देशित किया था। निर्धारित समय सीमा के अंदर कब्जा नहीं हटाने के बाद डोंगरगढ़ अनुविभागीय अधिकारी एम भार्गव के निर्देश पर शनिवार को डोंगरगढ़ राजस्व अमला, पुलिस बल के द्वारा अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला कर तोड़फोड़ करते हुए शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य को विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईवी रेवती को गत दिनों सेवानिवृत्त हो गई। महाविद्यालय परिवार ने समारोह आयोजित कर विदाई दिया। महाविद्यालय परिसर में डॉ. रेवती का भव्य स्वागत किया गया। समारोह में प्राध्यापक डॉ. प्रदीप जांबुलकर, डॉ आशा चौधरी, डॉ आरआर कोचे, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, नितेश तिरपुड़े सहित अन्य शामिल हुए। वक्ताओं ने डॉ. रेवती के 41 वर्षों के सेवाकाल को स्मरण करते हुए महाविद्यालय के विकास, शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं सुचारू संचालन की सराहना की। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से डॉ. रेवती को शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं अन्य उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर ने किया।

डॉ. जांबुलकर बने प्रभारी प्राचार्य

प्रभारी प्राचार्य डॉ. रेवती के सेवानिवृत्त होने के पश्चात वरिष्ठता के आधार पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. प्रदीप जांबुलकर को प्रभारी प्राचार्य का दायित्व सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. जांबुलकर पूर्व में भी इस दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। उनके निर्देशन में महाविद्यालय का नैक मूल्यांकन हुआ था।

छह गरीब बेटियों को मिला जीवन साथी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरिया

मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत उल्लास और पारिवारिक वातावरण के बीच छह जोड़ों का विवाह मंत्रोच्चार के संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव शामिल हुईं। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि जिपं सभापति बिरम मंडावी, जनपद सभापति भेषबाई साहू थी। अतिथियो ने नवविवाहित दंपत्तियों को आशीर्वाद देकर सुखमय, समृद्ध एवं सफल वैवाहिक जीवन की कामना की।

मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता देखने मिली। विवाह मंडप को पारंपरिक सजावट एवं सांस्कृतिक वातावरण से सुसज्जित किया गया था। मंगल गीतों, वैवाहिक रस्मों और परिवारजनों की खुशियों के बीच पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा। समारोह में जिला भाजपा के पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, शिशुपाल साहू, नैनसिंह पटेल, मयाराम साहू, टीकम पाण्डेय एवं देवानंद सहारे उपस्थित थे।

गरीबों के लिए योजना वरदान

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने कहा कि सामूहिक विवाह योजना गरीब व मध्यम लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना के माध्यम से बेटियों के विवाह को सम्मानजनक, सरल एवं सामाजिक सहयोग के साथ संपन्न कराया जा रहा है। जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिल रही है। इससे सामाजिक सहयोग की भावना मजबूत हो रही है। इस अवसर पर जनपद सभापति भेषबाई साहू ने संबोधित किया।

समस्या हल करने और योजनाओं का लाभ पहुंचाने गांव पहुंच रहा प्रशासन

सुराज तिहार में लोगों की समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

सुशासन तिहार अंतर्गत आमगांव घाट में जनसमस्या निवारण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं, मांगें और शिकायतें प्रशासन के समक्ष रखीं। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों को कुल 943 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 941 आवेदन मांगों तथा 2 आवेदन शिकायतों के थे। विभिन्न योजनाओं से 44 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

शिविर का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी ली तथा कई मामलों में मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

शिविर में सांसद प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, वन समिति सभापति मन्नू मरकाम, जनपद सदस्य लीला पवार मेरावी, डोमार सिंह भेड़िया, कौशल रामजी ठाकरे के अलावा जिला पंचायत के सीईओ प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम अविनाश ठाकुर, सीईओ जनपद केशवरी देवांगन सहित अन्य उपस्थित थे।

मिली सौगातें

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने 7 हितग्राहियों को गृह प्रवेश हेतु सांकेतिक चाबी वितरित की तथा 4 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 5 को सुपोषण किट एवं 5 किशोरी बालिकाओं को स्वच्छता किट दिया। शिक्षा विभाग ने 10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कृषि विभाग ने 3 को मूंग बीज, मत्स्य विभाग ने 2 को मत्स्य जाल, उद्यानिकी विभाग द्वारा 5 को सब्जी मिनी किट तथा खाद्य विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरित किया।

आयोजन की सराहना

शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अब उनकी समस्याओं का समाधान गांव पर ही संभव हो रहा है, जिससे कार्यालयों के चक्कर लगाने की परेशानी कम हुई है। जनप्रतिनिधियों ने भी अपने संबोधन में कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है तथा इससे योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सहायता मिल रही है।

मांगों का दिया आवेदन

प्राप्त आवेदनों में प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, कुआं निर्माण, भूमि पट्टा, पशु शेड, राशन कार्ड, नाली सफाई सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन शामिल रहे। शिविर में 12 ग्राम पंचायतों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा विशेष गतिविधियां संचालित की गईं।

सबसे अधिक आए मांगों के आवेदन

अंबागढ़ चौकी। सुशासन तिहार अंतर्गत नगरीय निकाय के पहले शिविर में समस्याओं व शिकायतों के समाधान को लेकर भीड़ उमड़ी रही। शिविर में अधिकारियो ने केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ उठाने का आहवान किया।

गुरूवार को आयोजित शिविर का उदघाटन नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने किया। मंगल भवन वार्ड 3 में आयोजित शिविर में जिला भाजपाध्यक्ष दिलीप वर्मा मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मानिकपुरी ने की। विशेष अतिथि के रूप में आशीष द्विवेदी, राजेष सिंगी, गुलाब गोस्वामी, नेहरूराम रजक, सैयद अजहरूद्दीन, कांशी निषाद, विनोद डेहरिया, दिलीप कुंभकार, मुकेश सिन्हा मौजूद थे। पांच घंटे चले शिविर में अधिकारियो ने विभाग योजनाओं की जानकारी दी।

बांटा गया श्रृंगार पेटी, राशन कार्ड

विभिन्न विभागों ने हितग्राहियो को सामग्रियों का वितरण किया। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग ने 10 को आयुष्मान कार्ड एवं नवविवाहिता को श्रृंगार पेटी प्रदान किया। उद्यानिकी विभाग ने फलदार पौधे, राजस्व विभाग ने ऋण पुस्तिका, य निकाय ने राशन कार्ड का वितरण किया।

महतारी वंदन के ढेरों आवेदन

शिविर में 225 आवेदन प्राप्त हुए। मांगो में सबसे अधिक भूमिहीन कृषक कल्याण योजना एवं महतारी वंदन योजना के आवेदन आए। इसके अलावा निकाय को नाली, सडक एवं विकास कार्यों को कराने के आवेदन दिए गए। पेयजल समस्या को लेकर भी शिकायतें सामने आई।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

आचार्यों ने किया देवी दर्शन

रामाटोला। सरस्वती शिशु मंदिर रामाटोला में जिला ग्राम भारती द्वारा आयोजित 10 दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया है। प्रशिक्षार्थियों को शैक्षणिक पाठ्यक्रम और भौगोलिक दृष्टि से मां बमलेश्वरी के दर्शन कराया गया। इस दौरान वर्गाधिकारी बुंदा वर्मा, जिला समन्वयक पूनमचंद साहू, बौद्धिक प्रमुख डामन जोशी, शिक्षक भूषण गजेंद्र, उमा सिन्हा, मीरा चंदेल, भगवान दास उपस्थित थे। यह जानकारी प्रधानाचार्य देवेंद्र नंदेश्वर ने दी।

पूर्व जपं सदस्य भाजपा में शामिल

डोंगरगढ़। भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर पूर्व जनपद सदस्य संगीता नेताम ने जिला सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष भरत वर्मा के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, मंडल महामंत्री उपकार सिंह बघेल, किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष शिव बल्लारे उपस्थित थे।

तीन दिवसीय उर्स मुबारक 12 से

डोंगरगढ़। हजरत बाबा टेकरी वाले रहमतुल्लाह अलैह के दरबार में तीन दिवसीय उर्स मुबारक का आयोजन 12 मई से किया गया है। दरगाह कमेटी के अनुसार 12 मई को शाही संदल एवं पप्पू मटका पार्टी कामठी के साथ जुलूस निकाला जाएगा। यह जुलूस हाई स्कूल चौक से प्रारंभ होकर शहर भ्रमण करते हुए मजार शरीफ पहुंचेगा। आगामी 13 मई को हाफिज मौलाना मुफ्ती मोहम्मद रियाजुद्दीन की तकरीर होगी। वहीं नातख्वानी आयोजित होगा, जिसमें मदहे रसूल बुलबुले वाले मदीना सुल्तान रजा कादरी बुलबुले बागे मदीना अजहर रजा कादरी नागपुर अपनी प्रस्तुति देंगे। अंतिम दिन 14 मई को कुल की फातिहा होगी। तीनों दिनों तक आम लंगर का आयोजन रखा गया है। दरबार के सदर सरफराज नवाज एवं सेक्रेटरी विजय कोटांगले ने क्षेत्रवासियों से उर्स मुबारक में शामिल होने की अपील की है।

जनगणना के कार्यों का टीम ने किया निरीक्षण

राजनांदगांव। जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत संचालित मकान सूचीकरण एवं भवन गणना कार्यों का गुरुवार को अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय एवं राज्य स्तरीय जनगणना टीम द्वारा विभिन्न ग्रामों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति, जनगणना ऐप के उपयोग, जीआईएस आधारित घर संख्या अंकन तथा डेटा प्रविष्टि की गुणवत्ता का स्थल पर जाकर अवलोकन किया गया। जिले में जनगणना 2027 के अंतर्गत कुल 1608 जनगणना ब्लॉकों का गठन किया गया है, जहां 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं भवन गणना का कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान टीम ने घर-घर जाकर प्रगणकों द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से की जा रही प्रविष्टियों, भवनों के अंकन तथा जानकारी संकलन की प्रक्रिया का परीक्षण किया। अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने संबंधित अधिकारियों एवं प्रगणकों को निर्देशित किया कि मकान सूचीकरण का कार्य निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी प्रविष्टियां सटीक, अद्यतन एवं त्रुटिरहित होना आवश्यक है, क्योंकि यही जानकारी आगामी जनगणना कार्यों का आधार बनेगी। उन्होंने पर्यवेक्षकों को प्रतिदिन फील्ड मॉनिटरिंग कर कार्यों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए। राज्य स्तरीय जनगणना टीम ने जिले में किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता की सराहना करते आवश्यक तकनीकी सुधार एवं सावधानियों के संबंध में सुझाव दिए। टीम ने कहा कि डिजिटल माध्यम से जनगणना कार्यों का संचालन पारदर्शिता एवं सटीकता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

पेड़ों की छंटाई के दौरान हादसा, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

हाइटेंशन तार की चपेट में आया ठेका श्रमिक, करंट लगने से मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के टोलागांव में बिजली लाइन से सटे पेड़ों की छंटाई के दौरान करंट लगने से ठेका श्रमिक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान पेंड्रीकला निवासी हेमंत पिता बंशीलाल साहू 45 साल के रूप में हुई है, जो विद्युत विभाग मे वेंडर मनोज गुप्ता के ठेका कार्य तहत मानसून पूर्व लाइन क्लियरेंस का काम कर रहा था। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

वहीं इस घटना ने हाईटेंशन लाइन के पास कराए जा रहे कार्यों में सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा कर दिया हैं। जानकारी अनुसार बरसात पूर्व बिजली तारों से टकराने वाले पेड़ों की छंटाई के लिए विद्युत विभाग का ठेका अमला टोलागांव पहुंचा था।

गांव के स्कूल परिसर के पास 11 केवी लाइन के नीचे पेड़ों की छटाई की जा रही थी। इसी दौरान लंबी आरी जिसे ट्री एप्रून कहा जाता है उसे लेकर जमीन पर खड़े होकर हेमंत पेड़ की टहनियो की छंटाई कर रहा था इसी दौरान डाली हाइटेंशन तार के उपर आ गिरा और ट्री एप्रून का उपरी सिरा बिजली तार से टकरा गया। तेज करंट की चपेट में आने से हेमंत मौके पर ही गिर पड़ा हड़बड़ाए सहकर्मी मजदूर उसे लेकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर

दो साल बाद फिर मौत, चार बेटियों के सिर से उठा पिता का साया, अधिकारी जांच में जुटे

बिजली विभाग के मरम्मत कार्य में करंट लगने से यह दो साल बाद दूसरी मौत हुई है इससे पहले भी शहर के सिविल लाइन इलाके में ट्रांसफार्मर मरम्मत कार्य में सिवनी निवासी आदिवासी युवक की करंट लगने से मौत हुई थी। मामले मे एई और जेई को पहले निलंबित भी किया गया था। बाद मे थाने मे मामला भी पंजीबद्ध हुआ है। सिविल लाइन मे मजदूर की मौत के बाद भी बिजली लाइन बंद नहीं होने, ठेकेदार द्वारा कर्मी को पर्याप्त सुरक्षा उपाय नहीं देने जैसी प्रारंभिक लापरवाही के चलते टोलागॉव मे फिर कहानी दुहराई जिसके चलते चार बच्चियो के सिर से पिता का साया उठ गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार लापरवाही सामने आ रही है। फिलहाल अधिकारी मौके पर पहुंच कर जांच कर रहे हैं, पुलिस ने मामला दर्ज कर मजदूर युवक का पीएम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

कार्रवाई करेंगे

मौके पर जांच कर रहे हैं जो भी लापरवाही सामने आएगी कार्रवाई करेंगे।

\- सहायक अभियंता

कंपनी के साथ ठेकेदार की भी लापरवाही

सरपंच देवेंद्र साहू सहित ग्रामीणो ने बताया कि सुबह आठ नौ बजे के आसपास मजदूरो का दल गॉव आया और सडक सहित आसपास के इलाको मे उन पेड़ो को चिंहित कर कटाई छंटाई का काम कर रहे थे जिनके बारिश के दौरान बिजली तारो से टकराने की आशंका थी। विभागीय वाहन के साथ स्कूल परिसर के पास हेमंत और उसका एक साथी पेड़ छंटाई का काम कर रहे थे जबकि बाकि लोग सडक के आसपास काम मे लगे थे। इसी दौरान एक दिशा की लाइन बंद थी जबकि दूसरी ओर से गुजर रही लाइन चालू होने की बात सामने आई। पेड़ की डाल काटते समय आरी का संपर्क चालू लाइन से हो गया, जिससे युवक करंट की चपेट में आ गया। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि हाईटेंशन लाइन के आसपास कार्य के दौरान यदि पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम और पूरी लाइन शटडाउन की व्यवस्था की जाती तो शायद युवक की जान बचाई जा सकती थी।

रेडक्रॉस स्टीकर जनसहयोग अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मानव सेवा, करुणा और सामाजिक सहभागिता की भावना को सशक्त बनाने भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा द्वारा राज्य सोसायटी के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस स्टीकर जनसहयोग अभियान का शुभारंभ किया गया।

समाज के सहयोग से जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना और मानवीय सेवाओं को और अधिक प्रभावी व्यापक बनाने के उद्देश्य से जारी अभियान की शुरुआत जिला चेयरमैन विक्रांत सिंह द्वारा 5,100 रुपये की सहयोग राशि प्रदान कर की गई।

इसके पश्चात अध्यक्ष सह कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, राज्य प्रबंध मंडल सदस्य बिसेसरदास साहू, बीएमओ डॉ. विवेक बिसेन, शिक्षा विभाग से कमलेश्वर राजपूत, सुनील कुमार गुनी, डॉ डीपी साहू, निलेश यादव, हरिओम शर्मा व विवेक मेश्राम सहित सोसायटी सदस्य, अधिकारी व गणमान्य नागरिकों ने सहयोग राशि प्रदान कर अभियान को मजबूती दी।

सहयोग राशि संग्रहित

स्टीकर जनसहयोग अभियान को समाज से पहले ही दिन सकारात्मक प्रतिसाद प्राप्त हुआ और कुल 8,800 रुपए की सहयोग राशि संग्रहित की गई। सोसायटी ने बताया कि यह अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर संचालित रहेगा और प्राप्त राशि का उपयोग जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता, आपदा राहत कार्य, स्वास्थ्य सहायता सहित अन्य मानवीय सेवाओं में किया जाएगा। सोसायटी ने जिले के नागरिकों, संस्थाओं व सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे इस जनसहयोग अभियान से जुडक़र मानव सेवा के पुनीत कार्य में सहभागी बनें।

टिकरापारा में बनेगा उच्च स्तरीय पुल, विभाग जल्द जारी करेगा टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर के टिकरापारा रोड स्थित राममंदिर के सामने मोतीनाला पर बने सालो पुराने और जर्जर पुल की जगह अब नया उच्च स्तरीय पुल बनाया जाएगा।

राज्य सरकार से लगभग 6 करोड़ के आसपास लागत की स्वीकृति मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग के सेतु निगम ने निर्माण प्रस्ताव और प्राक्कलन तैयार कर टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है।

एक दो महीनो के भीतर पुल निर्माण के लिए टेंडर भी जारी हो जाएगा। स्थानीय लोगों के अनुसार पुल की जर्जर स्थिति, घुमावदार मोड़ और कम चौड़ाई के कारण वाहन चालकों को हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता था। कई बार आंदोलन कर पुल निर्माण की मांग उठी, घोषणा भी हुआ लेकिन काम धरातल पर कभी शुरू नहीं हो पाया।

बारिश में होती थी ज्यादा दिक्कत

बरसात के मौसम में मोतीनाला में बाढ़ आने पर कम ऊंचाई वाला यह पुल पूरी तरह डूब जाता था। इससे टिकरापारा वार्ड और आसपास के दर्जनो गांवों का शहर से संपर्क टूट जाता था। लोगों की आवाजाही, परिवहन और जरूरी सेवाएं पूरी तरह ठप्प हो जाती थीं। बाढ़ के दौरान स्थानीय लोगों को कई दिनों तक परेशानी का सामना करना पड़ता था वही आपात स्थिति में मदद पहुंचाने में भी प्रशासन को दिक्कतें होती थीं। सेतु निगम के अभियंता एआर रंगारी ने बताया कि टिकरापारा उच्च स्तरीय पुल निर्माण की विभागीय लगीाग प्रक्रिया पूरी हो गई है। जल्द टेंडर जारी हो जाएगा। नया पुल बनने से न केवल दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी बल्कि बरसात के दिनों में भी शहर और गांवों के बीच आवागमन सुचारु बना रहेगा।

बक्शी स्कूल में उत्कृष्ट परिणाम के साथ प्रवेश प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर के ऐतिहासिक विद्यालय डॉ पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कक्षा दसवीं तथा बारहवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है।

जारी नतीजो मे कक्षा दसवीं में 94.33 अंको के साथ तनिषा बैरागी प्रथम, 93.66 अंको के साथ टाकेंद्र कुमार वर्मा द्वितीय और 93.16 अंको के साथ इशिका वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। वही कक्षा बारहवीं में 93.6 अंको के साथ उत्कर्ष प्रथम, 92.2 अंको के साथ छन्नी द्वितीय और 91.2 अंको के साथ चाँद तृतीय स्थान पर रहा। कक्षा दसवीं का कुल परीक्षा परिणाम 89.65 और बारहवी का 86.11 अंग्रेजी माध्यम का परिणाम ब्लॉक में सर्वाधिक रहा है।

पीएमश्री की लाटरी 12 मई को

लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार पीएम श्री डॉ पपुबक्शी उत्कृष्ट शास अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालय मे शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा पहली से आठवी में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों के विरूद्ध निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदन के परीक्षण उपरांत 10 मई को पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन किया जाएगा। सूची के आधार पर दिनांक 11 मई को शाम 4 बजे तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया जाएगा। दावा आपत्ति उपरांत पात्र आवेदकों की अंतिम सूची संस्था के सूचना पटल में चस्पा किया जावेगा। संबंधित आवेदक विद्यालय के सूचना पटल में उक्त सूची का अवलोकन कर सकते है। निर्धारित सीट से अतिरिक्त आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में प्रवेश 12 मई को लाटरी के माध्यम से होगा। प्राचार्य अनुराग सिंह ने बताया कि छात्र/ छात्रों का चयन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में बालकों व पालकों की उपस्थिति में लाटरी सिस्टम से विज्ञान भवन में निकाली जाएगी। उन्होने बताया कि रिक्त सीट व प्राप्त आवेदनों सहित पात्र अपात्र की जानकारी सूचना पटल का अवलोकन कर लिया जा सकता है।

प्री-पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- जिले के दो परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा आयोजित

जिले में गुरुवार को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्री-पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण, नकलरहित एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा का आयोजन व्यापम के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले के 2 परीक्षा केंद्रों में सुबह 10 से दोपहर 1.15 बजे तक किया गया।

सभी परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वार निर्धारित समय सुबह 9.30 बजे बंद कर दिए गए। जिसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। परीक्षा में कुल 450 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 297 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि 153 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हुई। परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। जिससे उन्हें परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा की निष्पक्षता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक एवं फ्लाइंग स्क्वॉड टीम (एफएसटी) द्वारा लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। परीक्षा केंद्रों में फ्रिस्किंग, सुरक्षा जांच तथा प्रश्नपत्र एवं ओएमआर शीट की सुरक्षा हेतु डबल लॉक सिस्टम का कड़ाई से पालन किया गया। केंद्र परिसरों में अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रखा गया था।

दिशा निर्देशों का पालन

कलेक्टर द्वारा पूर्व में जारी निर्देशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने, शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने, आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा व्यापम के सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। केंद्राध्यक्षों एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा इन निर्देशों का गंभीरतापूर्वक पालन किया गया। जिला प्रशासन ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न हुई है।

डबरी के सौंदर्यीकरण की मांग, सौंपा ज्ञापन

डोंगरगढ़। वार्ड 23 के पार्षद सुमित ताम्रकार ने पुरानी डबरी के सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव व सांसद संतोष पांडेय को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में डबरी की वर्तमान स्थिति का उल्लेख करते हुए सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य कराने की मांग की गई है। पार्षद ताम्रकार ने बताया कि यह डबरी काफी पुरानी है और लंबे समय से उपेक्षित होने के कारण इसकी सफाई एवं सौंदर्यीकरण कराना आवश्यक हो गया है। उन्होंने डबरी की सफाई कर आसपास पौधरोपण, बैठक व्यवस्था, पथ-वे निर्माण एवं अन्य सुविधाएं विकसित करने की मांग रखी है। ज्ञापन में डबरी के आसपास सामुदायिक भवन का निर्माण कराने का सुझाव दिया है। इसके अलावा क्षेत्र को आकर्षक बनाने के लिए ओपन जिम, मॉर्निंग एवं ईवनिंग वॉक, योगा स्थल तथा लाइटिंग व्यवस्था विकसित करने का सुझाव दिया है।

विवि के राजमहल परिसर के सामने इंस्टालेशन कला प्रदर्शनी

कला के जरिये झलका प्लास्टिक के जाल में दम तोड़ती ग्रामीण संस्कृति का दर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विवि के राजमहल परिसर सामने कल अनूठी इंस्टॉलेशन कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसने दर्शकों को आधुनिकता और प्रदूषण के बीच पिसती ग्रामीण कला पर सोचने को मजबूर कर दिया।

मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स प्रथम वर्ष के छात्र अनमोल गोयल द्वारा तैयार इस आर्ट इंस्टॉलेशन ने अपनी सादगी और गहरे संदेश से सभी का ध्यान खींचा। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य केवल समस्या को दिखाना नहीं, बल्कि समाधान की ओर इशारा करना भी था। अनमोल गोयल ने दर्शाया कि खैरागढ़ के स्थानीय बांस कलाकार अपनी पारंपरिक कला में दक्ष होने के साथ-साथ अब आधुनिक जरूरतों के अनुसार भी खुद को ढाल रहे हैं।

प्रदर्शनी में बांस से बनी घड़ी, आकर्षक लाइट लैंप, आधुनिक फर्नीचर, बच्चों के खिलौने और सूक्ष्म कलाकृतियों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यदि पारंपरिक शैली में आधुनिकता का समावेश कर दिया जाए, तो ये कलाकार न केवल अपना जीवन यापन कर सकते हैं, बल्कि आर्थिक रूप से समृद्ध भी हो सकते हैं। यह पूरे कलाकार समूह के आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे उन्हें नई पहचान और अधिक काम के अवसर प्राप्त होंगे।

लुप्त होती पहचान और भविष्य की उम्मीद

अनमोल गोयल ने अपने कॉन्सेप्ट नोट में बताया कि काले प्लास्टिक से ढकी झोपड़ी इस बात का प्रतीक है कि प्लास्टिक कैसे कारीगरों की पहचान निगल रहा है। उन्होंने जोर दिया कि यदि हम इन कलाकारों की कला को आधुनिक बाजार से नहीं जोड़ेंगे, तो वे पलायन को मजबूर होंगे। उनकी कलाकृतियों में आधुनिकता लाना ही इस संस्कृति को बचाने का एकमात्र तरीका है। साथ ही इस प्रदर्शनी में चित्रकला की प्रदर्शनी भी लगी थी जिसमें अनमोल गोयल द्वारा बाँस कलाकार के पारिवारिक जीवन को ले करके और उनके संघर्ष को लेकर का चित्रांकन किया गया था जिसमें मिक्स मीडिया चारकोल सहित अन्य माध्यम इसमें सम्मिलित थे और यह दर्शकों को बाँस कलाकारों के जीवन के आंतरिक और बाह्य रूप से के संघर्ष को जानने का और महसूस करने का अवसर प्रदान किया। अनमोल गोयल के साथ अन्य छात्रों ने रात-दिन मेहनत कर इस जटिल इंस्टॉलेशन को स्थापित किया जो उनके सामूहिक समर्पण और कला के प्रति प्रेम को दर्शाता है। प्रदर्शनी छात्र की कलात्मक प्रतिभा को मात्र उजागर नही कर रही बल्कि पर्यावरण संरक्षण और विलुप्त होती ग्रामीण कलाओं को आधुनिक स्वरूप में पुनर्जीवित करने के लिए एक मौन आह्वान भी करते दिखी।

बांस की झोपड़ी और प्लास्टिक का जंजाल

इंस्टॉलेशन का मुख्य आकर्षण बांस से बना एक झोपड़ीनुमा घर था जिसे स्थानीय बांस कलाकारों के सहयोग से तैयार किया गया। इस पारंपरिक ढांचे को चारों तरफ से काली पन्नी और प्लास्टिक से लपेटकर यह प्रदर्शित किया गया कि कैसे हमारी प्राकृतिक जीवनशैली और हस्तशिल्प आज प्लास्टिक के जंजाल में फंसकर दम तोड़ रहा हैं। कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने छात्र के इस नवाचार की सराहना की। उन्होंने कहा कि जब कला सामाजिक समस्याओं को स्वर देती है और साथ ही कलाकारों के आर्थिक उत्थान का मार्ग भी प्रशस्त करती है, तो वह वास्तव में सार्थक हो जाता है।

खाद की किल्लत और कड़े नियमों पर बरसे विप्लव साहू

- खाद की अनुपलब्धता से किसानों की चिंता बढ़ी
- भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश में खेती किसानी की तैयारियां तेज हो गई हैं, लेकिन खाद की अनुपलब्धता ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जिला पंचायत राजनांदगांव के पूर्व सभापति और कांग्रेस नेता विप्लव साहू ने खाद के लिए भटक रहे किसानों की बदहाली को लेकर भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि जून में मानसून की दस्तक होने वाली है और किसान खेतों की तैयारी में जुटे हैं, लेकिन जिले की सहाकरी सोसायटियों की स्थिति दयनीय है।

उन्होंने आरोप लगाया कि किसी भी सोसायटी में किसानों को एक बोरी खाद तक नसीब नही हो रही है और न ही समितियों के पास खाद की आवक को लेकर कोई पुख्ता सूचना है। कांग्रेस नेता विप्लव साहू ने निजी विक्रेताओं और खुले बाजार में लागू किए कड़े नियमों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि खाद विक्रेताओं द्वारा किसानों से अनिवार्य रूप से बी वन, नक्शा और खसरा की मांग की जा रही है। यह नियम न केवल जटिल है, बल्कि पहले से हताश परेशान किसानों को मानसिक रूप से तंग करने वाला है।

मानसून की आहट

कांग्रेस नेता विप्लव साहू ने कहा कि आसमान मे मंडराते बादल किसानों के लिए उम्मीद का संदेश लेकर आता है। खेतों की मेड़े संवरने लगती हैं, हल की धार तेज होने लगती है और खरीफ फसल की तैयारी का उत्साह दिखाई देने लगता है. लेकिन इस बार प्रदेश का अन्नदाता उम्मीद से ज्यादा चिंतित नजर आ रहा है इसकी मूल वजह खाद की किल्लत और उस पर शासन का ऐसा कठोर नियम किसी भी रूप से व्यावहारिक नही है। विप्लव साहू ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा सरकार अन्नदाताओं की कमजोर हालत को और अधिक जटिल बनाना बंद करे। समय रहते सोसायटियों में खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करे ताकि किसान और ज्यादा परेशान ना हो और खरीफ की पैदावार प्रभावित हो।

सार समाचार

राज्य में 9वीं रैंक हासिल की शौर्य ने

राजनांदगांव। छग माध्यमिक शिक्षा मंडल सत्र 2025-26 में आयोजित हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में शौर्य गहिने पिता कुमेश कुमार गहिने ने राज्य स्तर पर 9वां स्थान प्राप्त कर राजनांदगांव जिले का नाम रोशन किया है। साथ ही छोटे से गांव अचानकपुर भांटागांव का भी नाम रोशन किया है। कक्षा 9वीं में उनका चयन प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग में हुआ था तथा छात्र शौर्य की प्रारंभिक शिक्षा पहली से आठवीं तक राज राजेश्वरी हॉयर सेकंडरी स्कूल से प्राप्त की। इन्होंने 8वीं में 92 प्रतिशत तथा 9वीं में 94 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण की थी। शौर्य गहिने के पिता कुमेश कुमार गहिने पेशे से शिक्षक हैं तथा माता गृहिणी है। पढ़ाई के अलावा इन्हें ड्राइंग में विशेष रूचि है। आगे बायोलॉजी विषय लेकर नीट की तैयारी कर डॉक्टर बनना इनका लक्ष्य है।

सौरभ को मिले 84.50 प्रतिशत अंक

राजनांदगांव। राजेश्वरी करूणा हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र सौरभ कुमार देवांगन पिता जितेन्द्र देवांगन ने कक्षा पांचवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 84.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। विद्यार्थी की इस सफलता से विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों में हर्ष का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन ने छात्र को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। शिक्षकों ने बताया कि छात्र ने नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं मेहनत के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। क्षेत्र के नागरिकों एवं शुभचिंतकों ने भी प्रतिभाशाली छात्र को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

सुष्मिता का भारतीय वन सेवा में चयन

राजनांदगांव। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा शुक्रवार शाम को भारतीय वन सेवा परीक्षा 2025 की अंतिम चयन सूची जारी की गई। जिसमें 148 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस परीक्षा में राजनांदगांव शहर में पली-बढ़ी सुष्मिता सिंह का 32 रैंक के साथ चयन हुआ है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा जेएमजे नवजीवन स्कूल से हुए। वहीं उन्होंने रॉयल किड्स स्कूल के बाद जैन इंटरनेशनल स्कूल बिलासपुर में शिक्षा ग्रहण की। वहीं डीपीएस भिलाई से 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद युपीईएस देहरादून से कंप्यूटर साइंस में बीटेक करने के एक वर्ष नौकरी के बाद इस्तीफा देकर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी में लग गई। सुष्मिता ने अपने छठवें प्रयास में भारतीय वन सेवा परीक्षा में सफलता पाई। उनके पिता बीपी सिंह भी भारतीय वन सेवा में अधिकारी रहे। वे वन विभाग में एसडीओ, डीएफओ एवं मुख्य वनसंरक्षक रहते हुए राज्य के विभिन्न जिलों में कार्यरत रहे। वे दुर्ग वन वित्त में मुख्य वन संरक्षक के पद पर भी कार्यरत हैं। सुष्मिता ने बताया कि वह अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां की प्रेरणा एवं पिता के मार्गदर्शन को देती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की परीक्षा में अभ्यर्थी की कड़ी मेहनत के साथ उसकी मानसिक दृढ़ता, परिवार का समर्थन एवं ईश्वर की कृपा अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

महिला मोर्चा उपाध्यक्ष ने की कड़ी आलोचना

राजनांदगांव। पद्मश्री फुलबासन यादव के अपहरण प्रयास के बाद सुकुलदैहान पहुंचकर श्रीमती यादव से सहानुभूति जताना, उनका मनोबल बढ़ाना तो निश्चित रूप से प्रशंसनीय और प्रेरणादायी है, किन्तु उनसे मुलाकात की आड़ में अपनी राजनीति चमकाने और सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के कांग्रेसियों के प्रयास की महिला मोर्चा उपाध्यक्ष पारूल जैन ने कड़ी आलोचना की है।

भाजपाइयों की खून से खिला कमल : अग्रहरि

राजनांदगांव। प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह-कार्यालय प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत को वहां की जनता की जीत बताते कहा कि पश्चिम बंगाल में हर जगह खिलने वाला कमल ईवीएम मशीन से नहीं, बल्कि सैकड़ों भाजपाईयों की खून से खिला है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की जनता को नई भाजपा सरकार के लिए शुभकामनाएं दी। श्री अग्रहरि ने कहा कि पश्चिम बंगाल को कांग्रेस, कम्युनिस्ट व तृणमूल कांग्रेस द्वारा लंबे समय से राज कर कंगाल बना दिया था। कट मनी, तोलाबाजी और सिंडिकेट के माध्यम से तृणमूल की ममता सरकार ने निर्ममता से लूट-खसोट की थी। इससे पश्चिम बंगाल की जनता खासी त्रस्त थी और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की ओर अपना झुकाव दिखाते भाजपा को भारी मतो से विजयी बनाते उनके माथे पर जीत का सेहरा सजा दिया।

युगांतर में कार्यशाला आयोजित

राजनांदगांव। युगांतर पब्लिक स्कूल में हेल्थ फिटनेस, योगा और लाइफ स्टाइल हैबिट और कम्प्यूटर पर प्रभावी कार्यशाला हुई। इस अवसर पर विद्यालय की फिजिकल एजुकेशन की शिक्षिका तथा योग प्रशिक्षक वंदना सिंह ने बताया कि योग हमारे जीवन को मन और शरीर दोनों से जीवन को सुंदर बनाता है। जीवन में नियमित रूप से योग को अपनाने से व्यक्ति लंबे समय तक सुखी, निरोगी जीवन व्यतीत कर सकता है। उन्होंने विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराने से पहले विभिन्न हाथ-पैर की गतिविधि द्वारा शरीर को स्ट्रेच कराया। इसके बाद उन्होंने पर्वतासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, सुखासन, शलभासन आदि आसनों को प्रमुखता के साथ अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि योग में सैकड़ों आसन है। हम इनमें से कुछ चयनित आसनों के अभ्यास से स्वास्थ्यवर्धक जीवन जी सकते हैं।

निधन

मोनिका चटर्जी

राजनांदगांव। राजनांदगांव के प्रेस फोटोग्राफर अमित चटर्जी की धर्मपत्नी मोनिका चटर्जी का शुक्रवार देर शाम को निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थी। 42 वर्षीय श्रीमती चटर्जी अपने पीछे एक पुत्री समेत पति को छोड़ गई। लंबी बीमारी के चलते वह काफी दिनों से अस्पताल में भर्ती थी। राजधानी रायपुर के एक अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। शुक्रवार देर रात लगभग 8 बजे उनकी निधन की खबर आई। उनके पति अमित चटर्जी राजनांदगांव के प्रेस फोटोग्राफरों में से एक हैं। इधर शनिवार दोपहर को उनका अंतिम संस्कार रायपुर के माना कैम्प स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

शगुन निषाद

राजनांदगांव। जिला निषाद समाज मछुआ कल्याण समिति के अध्यक्ष छगन लाल निषाद की धर्मपत्नी श्रीमती शगुन निषाद का 7 मई 2026 रात्रि 9.50 बजे आकस्मिक स्वर्गवास हो गया। जिसका अंतिम संस्कार 8 मई को ग्राम ठेकवा मुक्तिधाम में किया गया।

मौसम में अचानक परिवर्तन, गर्मी से मिली राहत

तेज हवाओं के साथ आधे घंटे की हल्की बारिश से अंधेरे में डूबा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

संस्कारधानी राजनांदगांव में शनिवार शाम मौसम ने अचानक करवट बदली। पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और 45.5 डिग्री तक पहुंच रहे तापमान से जूझ रहे शहरवासियों को बारिश ने राहत तो दी, लेकिन महज आधे घंटे की इस बारिश ने शहर की विद्युत व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी।

शनिवार शाम करीब 5.30 बजे आसमान में काले बादल छा गए और धूल भरी आंधी के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग ने पहले ही प्रदेश में उत्तर-पश्चिमी शुष्क हवाओं और ट्रफ लाइन के प्रभाव से अंधड़ और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया था। आधे घंटे की इस झमाझम बारिश से पारा तो गिर गया, लेकिन जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

मेंटेनेंस के दावों की खुली पोल

बारिश शुरू होते ही शहर के अधिकांश इलाकों की बिजली गुल हो गई। रेवाडीह, अटल विहार, चिखली और लखोली जैसे क्षेत्रों समेत बसंतपुर और शहर के मध्य इलाकों में भी घंटों अंधेरा छाया रहा। बिजली विभाग के अनुसार तेज हवाओं के कारण कई जगहों पर पेड़ों की टहनियां लाइनों पर गिर गई और कुछ क्षेत्रों में इंसुलेटर पंचर होने के कारण आपूर्ति बाधित हुई।

बढ़ा हादसों का खतरा

एक ओर जहां घरों में लोग बिना पंखे और रोशनी के परेशान रहे। वहीं सड़कों पर स्ट्रीट लाइटें बंद होने से राहगीरों की मुश्किलें बढ़ गई। खासकर बाईपास और डोंगरगांव रोड पर अंधेरे के कारण वाहनों की आवाजाही जोखिम भरी रही। लोगों का कहना है कि विभाग बरसात पूर्व मेंटेनेंस का दावा तो करता है, लेकिन हल्की सी बारिश भी सिस्टम को धराशाही कर देती है।

आने वाले दिनों का पूर्वानुमान

मौसम विभाग के अनुसार राजनांदगांव में अगले 2-3 दिनों तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रह सकता है। विभाग ने 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की चेतावनी बरकरार रखी है।

चाकू लेकर दहशत फैलाते दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

सार्वजनिक स्थान पर चाकू लेकर लोगों को डराने व दहशत फैलाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार रात्रि में संचालित ब्लैक पैंथर टीम को प्राप्त सूचना के आधार पर थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते उपरोक्त दोनों आरोपियों को पृथक-पृथक स्थानों से आरोपी मो. मोक्सेद 35 वर्ष व मो. सुमन खान 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी आम जगह पर धारदार चाकू लेकर लोगों को भयभीत एवं आतंकित करते पाए गए।

आरोपियों के कब्जे से लोहे के धारदार चाकू बरामद कर जब्त किए गए तथा आरोपियों के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल भेजा गया।

बीयर-व्हिस्की जब्त आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी से बीयर एवं व्हिस्की जब्त कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 7 मई को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि बधियाटोला निवासी आरोपी भूपेन्द्र सिन्हा 51 वर्ष बधियाटोला रोड स्थित रतबहिनी माता मंदिर के पास अधिक मात्रा में शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री हेतु ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को पकड़कर तलाशी ली गई।

पुलिस ने की कार्रवाई

तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 9 बोतल किंग फिशर स्ट्रांग बीयर कीमत लगभग 1800 रुपए एवं 4 बोतल इम्पीरियल ब्लू व्हिस्की कीमत लगभग 3200 रुपए तथा शराब बिक्री रकम 500 रुपए कुल जुमला कीमत 5500 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।

शराब ले जाते पकड़े गए, 72 पौवा शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

बाइक में अवैध रूप से शराब परिवहन एवं अवैध रूप से बिक्री किए जाने की सूचना पर पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में आरोपियों को पकड़ा। जिनसे कुल 72 पौवा शराब एवं बाइक जब्त कर कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने प्राप्त सूचना के आधार पर पृथक-पृथक टीम गठित कर आरोपी विकास नेताम, मोहसीन खान एवं टेकूराम सिन्हा को अवैध रूप से शराब परिवहन एवं बिक्री करते पाए जाने पर तीनों आरोपियों के कब्जे से पृथक-पृथक स्थानों से कुल 72 पौवा देशी प्लेन शराब, बिक्री रकम 400 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल को जब्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई की गई। आबकारी एक्ट 34(2) के आरोपी विकास नेताम को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

किराना दुकान से जर्दायुक्त गुटखा जब्त

पुलिस के अनुसार इसी कड़ी में सूचना प्राप्त हुई कि कमलेश कुमार गुप्ता 52 वर्ष निवासी नंदई चौक थाना बसंतपुर अपने किराना स्टोर्स में जर्दायुक्त गुटखा बिक्री कर रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते अनावेदक के कब्जे से 4 पैकेट राजश्री, 4 पैकेट पानराज तथा 4 पैकेट सितार जर्दायुक्त गुटखा जब्त कर उसके विरुद्ध कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू, उपनिरीक्षक नरेश सार्वा, इब्राहिम खान, महिला प्रधान आरक्षक मेनका साहू, आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, कुश बघेल, राजेश बंदेश्वर एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

महाराणा प्रताप की जयंती पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

महाराणा प्रताप जयंती पर 9 मई को रामकृष्ण नगर चौक में नगर निगम द्वारा स्थापित प्रतिमा में महापौर मधुसूदन यादव ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल के अलावा निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में महाराणा प्रताप की प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि महाराणा प्रताप मेवाड़ के सिसोदिया राजपूत राजवंश के एक महान शासक और योद्धा थे, जिन्होंने मुगल बादशाह अकबर के सामने झुकने के बजाय संघर्ष चुना। वे अपनी वीरता, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति अटूट प्रेम के लिए अमर हैं। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल ने भी महाराणा प्रताप की जयंती पर उनके योगदानों को याद किया। माल्यार्पण अवसर पर पार्षद शिव वर्मा, दुरेन्द्र साहू, सेवक उइके, मनोहर यादव, संतोष साहू, पार्षद प्रतिनिधि पंकज कुंरजेकर, संतोष निर्मलकर, करनी सेना अध्यक्ष संजय बहादुर सिंह सहित प्रमोद साहू, जीवन चतुर्वेदी, गोल्डी भदोरिया, ढालेश वैष्णव, आशीष सिन्हा, कांति मौर्य, संगीता मानिकपुरी, दुर्गा सिंह गौरीराहा, रीता राहा, नरेश कोचरे आदि उपस्थित थे।

मेवाड़ के अधिकांश हिस्से को पाया वापस

उन्होंने अपनी मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए घास की रोटी खाना स्वीकार किया, लेकिन मुगलों के आगे घुटने नहीं टेके। महाराणा प्रताप के सबसे प्रिय, वफादार और बहादुर घोड़े का नाम चेतक था। कहा जाता है कि वे युद्ध के मैदान में 81 किलो का भाला और लगभग 72 किलो का कवच पहनकर लड़ते थे। उन्होंने मुगलों से मेवाड़ के अधिकांश हिस्से को वापस पाने में सफलता हासिल की। महापौर ने कहा कि ऐसे महान शासक और योद्धा की जयंती मनाने पर गौरव का अनुभव हो रहा है।

कॉलेज में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कल से

राजनांदगांव। दिग्विजय स्टेडियम समिति के तत्वाधान में पहली बार विभिन्न खेलों के समर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। आगामी 11 मई को संध्या 4 बजे से दिग्विजय स्टेडियम के इंडोर हालों में शतरंज एवं टेबल टेनिस के ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण लगाए जाएंगे। शिविर में अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा नवगांतुक बच्चों को इन खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। दिग्विजय स्टेडियम में इन दिनों बास्केटबॉल, बैडमिंटन एवं क्रिकेट के प्रशिक्षण शिविर चल रहे हैं। दिग्विजय स्टेडियम समिति द्वारा युवाओं में लोकप्रिय बिलियड्र्स ,स्नूकर के पुल टेबल खेलों का भी प्रारंभ 11 मई से होने जा रहा है। टेबल टेनिस एवं शतरंज के प्रशिक्षण शिविर हेतु इच्छुक बालक एवं बालिकाओं की 18 वर्ष से कम होनी चाहिए।

उक्त जानकारी देते स्टेडियम समिति के प्रबंधक देवेंद्र ठाकुर ने बताया कि ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में बच्चों को मोबाइल की लत ना लगे इसके लिए समिति ने यह प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ करने का निश्चय किया है। प्रशिक्षण शिविर के लिए इच्छुक बालक एवं बालिकाएं अथवा उनके अभिभावक दिग्विजय स्टेडियम के कार्यालय में अपना नाम दोपहर 3 से 5 बजे के मध्य लिखवा सकते हैं। समिति के प्रभारी अधिकारी के साथ मिलकर दिग्विजय स्टेडियम समिति के नवनियुक्त सचिव रमेश पटेल एवं सह-सचिव योगेश बागड़ी ने उक्त तैयारियों को अंतिम रूप दिया है। प्रशिक्षण शिविर दोनों ही चरणों सुबह एवं शाम में आयोजित किए जाएंगे। बिलियड्र्स एवं स्नूकर के पुल टेबलों के लिए उम्र के बंधन की बाध्यता नहीं होगी। पूल टेबल में खेलने वाले खिलाड़ियों को स्टेडियम परिसर में जारी बैडमिंटन की तर्ज पर ही शुल्क देना होगा। दिग्विजय स्टेडियम में इन दिनों लगभग 200 बच्चे सुबह एवं शाम दोनों चरणों में निःशुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

विद्यार्थियों को किया यातायात के प्रति जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति आमजन एवं विद्यार्थियों को जागरूक करने हेतु विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसी क्रम में कानफ्लुएंस कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों को यातायात नियमों तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया।

इसी प्रकार संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। यातायात पुलिस द्वारा विद्यार्थियों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, यातायात संकेतों की जानकारी, मोबाइल फोन का उपयोग करते वाहन न चलाने तथा सड़क सुरक्षा संबंधी आवश्यक नियमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

800 लोग हुए लाभान्वित

उक्त दोनों कार्यक्रमों में लगभग 800 लोग लाभान्वित हुए। यातायात पुलिस द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक कमल किशोर श्रीवास्तव, शरद मसीह, प्रधान आरक्षक तेज कुमार किस्पोट्टा तथा आरक्षक नेतराम साहू एवं रविकांत देवांगन का विशेष योगदान रहा।

लाइव डेमो से बताए अग्नि से बचाव के उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अक्सर गर्मी के दिनों में आगजनी की घटनाएं सामने आती है। समय पर बचाव उपाय करने में देरी अथवा लापरवाही होने पर आग भयवाह स्थिति में बदल जाती है। ऐसे में अग्निशमन विभाग द्वारा आग से बचाव को लेकर विभिन्न संस्थाओं में जाकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

आगजनी की स्थिति के दौरान त्वरित सुरक्षात्मक उपाय को लेकर नगर सेनानी एवं अग्निशमन विभाग के माध्यम से शहर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में मेडिकल विद्यार्थियों और पुलिस रक्षित केंद्र में पुलिस जवानों को सुरक्षा, बचाव उपाय को लेकर तकनीकी बारीकियों से अवगत कराते डेमो दिया गया। इस प्रशिक्षण में लगभग 150 से अधिक विद्यार्थी एवं पुलिस जवान शामिल हुए।

लाइव प्रशिक्षण दिया गया

रक्षित आरक्षित केंद्र में जनरल परेड के दौरान सब-इंस्पेक्टर, सहायक उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक, आरक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन विभाग की टीम द्वारा अग्नि सुरक्षा से संबंधित आग से बचाव एवं सावधानियों के बारे में बताया गया। इस दौरान अग्निशमन उपकरणों का उपयोग करने अग्निशमन विभाग द्वारा फायर डेमो के माध्यम से लाइव प्रशिक्षण दिया गया। अग्नि सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण देने हेतु फायर स्टेशन इंचार्ज ईमाम बेग, फायरमैन पुमेश कुमार, राजेश कुमार सिन्हा, तरुण कुमार साहू उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों ने सीखी सुरक्षात्मक बारीकियां

शुक्रवार को भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय और पुलिस रक्षित आरक्षी केन्द्र में जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी के निर्देशानुसार आगजनी की स्थिति के दौरान सुरक्षा बचाव के उपाय बताए गए। छात्र-छात्राओं, चिकित्सक एवं सुरक्षा कर्मियों को नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन विभाग की टीम द्वारा अग्नि सुरक्षा से संबंधित आग से बचाव एवं सावधानियों के बारे में फायर डेमो के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मेडिकल छात्र-छात्राओं ने प्रशिक्षण के बारीकियों को ध्यानपूर्वक देखा।

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 10 मई 2026

[राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव]

चुनावी बिगुल बजते ही बढ़ी सरगर्मी, कांग्रेस और भाजपा में बिछने लगी बिसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

आगामी नगर पंचायत चुनावों को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है। घुमका में चुनावी बिगुल बजते ही कांग्रेस और भाजपा दोनों ही प्रमुख दलों ने अपनी-अपनी रणनीतियां बनानी शुरू कर दी है, जहां एक ओर कांग्रेस अपने पुराने गढ़ को बचाने और अनुभवी चेहरों पर दांव खेलने की तैयारी में हैं। वहीं भाजपा नए समीकरणों के साथ मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। प्रत्याशी चयन को लेकर शनिवार को कांग्रेस ने एक बैठक भी की।

दोनों ही दल ऐसे प्रत्याशी की तलाश में है, जिनका मतदाताओं में मजबूत पकड़ हो। कांग्रेस से जहां डॉली पीयूष दुबे पूर्व पंच, फूलमती जय वर्मा पूर्व सरपंच के नाम प्रमुख बताए जा रहे हैं। वहीं भाजपा में बिंदेश्वरी मनीष वर्मा, शांति निर्मलकर पूर्व जनपद सदस्य, मधु जंघेल के नाम की चर्चा है। हालांकि दोनों ही दल नए नाम को अपना प्रत्याशी बनाकर चौका भी लगा सकते हैं।

घुमका नगर पंचायत का यह चुनाव दिलचस्प होने वाला है। पहली बार हो रहे चुनाव को लेकर दोनों ही दलों के आलाकमान प्रत्याशियों के नामों पर अंतिम मुहर लगाने से पहले क्षेत्रीय समीकरणों को बारीकी से तौल रहे हैं। अब देखना यह होगा कि जनता किस पर अपना भरोसा जताती है।

नवगठित नगर पंचायत में चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज, वार्ड स्तर पर प्रत्याशियों की तलाश में जुटे दल

4 हजार वोटर चुनेंगे सरकार

घुमका नगर पंचायत के पंद्रह वार्ड में लगभग चार हजार मतदाता हैं। पहली बार यहां नगर पंचायत का चुनाव होना है। ऐसे में नेताओं के लिए भी परीक्षा कठिन होने वाली है। बताया गया कि जाति को ध्यान में रखकर भी टिकट वितरण किया जाएगा।

डॉली दुबे

फूलमती वर्मा

विंदेश्वरी वर्मा

कल से नामांकन : घुमका नगर पंचायत चुनाव को लेकर कल 11 मई से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी।

दोनों दलों ने शुरू की तैयारियां

घुमका नगर पंचायत चुनाव की घोषणा के साथ ही कांग्रेस और भाजपा ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन यादव ने आज घुमका पहुंचकर कांग्रेसजनों के साथ एक बैठक भी की। जिसमें उन्होंने अध्यक्ष सहित पैनल तैयार करने के लिए स्थानीय नेताओं को जिम्मेदारी दी है। वहीं भाजपा ने प्रत्याशी चयन को लेकर मंथन का दौर शुरू कर दिया है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि एक-दो दिनों के भीतर बैठक आहूत कर पैनल तैयार कर लिया जाएगा।

खबर संक्षेप

स्कॉर्पियो और डंपर की टक्कर, ड्राइवर की मौत

राजनांदगांव। शहर में बारातियों को छोड़ने के बाद एक स्कार्पियों वाहन वापस गांव लौट रहा था। वह अछोली चौक के पास बीती रात पहुंचा ही था कि सड़क पर खड़ी डंफर में पीछे से जा टकराया। इस घटना में स्कार्पियों वाहन चालक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम अछोली के पास खैरागढ़-डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग में बीती रात लगभग एक स्कार्पियों वाहन सड़क पर खड़ी डंफर वाहन में पीछे से जा टकरा गई। बताया गया कि इस घटना में स्कार्पियो वाहन का सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं वाहन चालक को गंभीर चोंटे आई थी, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक वाहन चालक का नाम विजय कुमार पटेल 24 वर्ष ग्राम नागतरई निवासी बताया गया है। पुलिस के मुताबिक स्कार्पियो वाहन में बारातियों को राजनांदगांव छोड़ने के बाद वाहन को लेकर चालक वापस जा रहा था। वह डोंगरगढ़ क्षेत्र के अछोली दुर्गा चौक के पास पहुंचा ही था कि उक्त दुखद हादसा हो गया। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

बांध किनारे बैठे थे युवक, चपेट में आने से एक बंदर की भी हुई मौत

आकाशीय बिजली गिरने से सोमनी में दो युवकों की दर्दनाक मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार की शाम आकाशीय बिजली गिरने से तीन युवक इसकी चपेट में आ गए। जिसमें से दो युवकों की मौत हो गई है। वहीं एक युवक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए सोमनी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बीते लगभग चार दिनों से मौसम में बदलाव के चलते देर शाम आंधी, बारिश और बिजली कड़कने की घटना हो रही है। इसी बीच शनिवार की शाम लगभग 5.30 बजे सोमनी बाजार पाठ क्षेत्र के जलाशय क्रमांक 2 में सोमनी के 18 वर्षीय नीलकमल निषाद, 19 वर्षीय डोमेश बघेल और 18 वर्षीय लोकेश बंजारे बैठे हुए थे। इसी दौरान अचानक तेज गड़गडाहट के साथ आकाशीय बिजली गिरने से तीनों युवक इसकी चपेट में आ गए। इसके बाद आसपास के लोगों की मदद से युवकों को सोमनी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से नीलकमल निषाद और डोमेश बघेल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल युवक लोकेश बंजारे का उपचार सोमनी अस्पताल में जारी है। बताया जा रहा है कि जिस समय युवकों पर बिजली गिरी, इस वक्त वहां पर पेड़ पर बैठा एक बंदर भी इसकी चपेट में आ गया। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बंदर की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटनाक्रम की सूचना मिलते ही पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने वस्तुस्थिति की जानकारी ली, वहीं पीड़ितों के परिजनों से विस अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह से फोन पर बात भी कराई।

मौके पर ही युवक बेसुध

युवकों पर बिजली गिरने की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। इस दौरान आनन-फानन में डायल 112 को कॉल करने पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से युवकों को अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि दोनों युवक मौके पर ही बेसुध हो गए थे।

शाम के वक्त रहता है जमावड़ा

सोमनी बाजार पाठ जलाशय क्षेत्र में शाम के वक्त युवकों का जमावड़ा रहता है। शनिवार को भी यहां युवक बैठे हुए थे, तभी तीन युवकों पर अचानक बिजली गिरने से आसपास के युवक भी दहशत में भाग खड़े हुए।

खाद की किल्लत और कड़े नियमों पर बरसे विप्लव साहू

- खाद की अनुपलब्धता से किसानों की चिंता बढ़ी
- भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश में खेती किसानी की तैयारियां तेज हो गई हैं, लेकिन खाद की अनुपलब्धता ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जिला पंचायत राजनांदगांव के पूर्व सभापति और कांग्रेस नेता विप्लव साहू ने खाद के लिए भटक रहे किसानों की बदहाली को लेकर भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि जून में मानसून की दस्तक होने वाली है और किसान खेतों की तैयारी में जुटे हैं, लेकिन जिले की सहाकरी सोसायटियों की स्थिति दयनीय है।

उन्होंने आरोप लगाया कि किसी भी सोसायटी में किसानों को एक बोरी खाद तक नसीब नही हो रही है और न ही समितियों के पास खाद की आवक को लेकर कोई पुख्ता सूचना है। कांग्रेस नेता विप्लव साहू ने निजी विक्रेताओं और खुले बाजार में लागू किए कड़े नियमों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि खाद विक्रेताओं द्वारा किसानों से अनिवार्य रूप से बी वन, नक्शा और खसरा की मांग की जा रही है। कांग्रेस नेता विप्लव साहू ने कहा कि आसमान मे मंडराते बादल किसानों के लिए उम्मीद का संदेश लेकर आता है। खेतों की मेड़े संवरने लगती हैं, हल की धार तेज होने लगती है और खरीफ फसल की तैयारी का उत्साह दिखाई देने लगता है. लेकिन इस बार प्रदेश का अन्नदाता उम्मीद से ज्यादा चिंतित नजर आ रहा है।

बर्थ-डे पार्टी मनाने मनगटा रिसोर्ट गए बालक की करंट लगने से मौत

- घटना के बाद शोक की लहर व्याप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बर्थ-डे पार्टी मनाने के लिए मनगटा के एक रिसोर्ट में गया बालक करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। आक्रोशित लोगों ने इस मामले में सडक में प्रदर्शन कर उचित मुआवजे की मांग भी की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत मनगटा स्थित एक रिसोर्ट में बर्थ-डे पार्टी मनाने के लिए शहर के कुछ लोग बीती रात गए हुए थे। बताया गया कि इस दौरान स्वीमिंग पुल के पास एक 14-15 वर्षीय बालक यासिन खान करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसे उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इधर इस घटना की खबर जैसे ही लोगों को मिली शोक की लहर व्याप्त हो गई।

मुआवजे को लेकर प्रदर्शन

इस मामले को लेकर मृतक के परिजन व अन्य लोगों में शोक व रोष का वातावरण निर्मित था। सोमनी चिकित्सालय के मरच्युरी के पास आज सुबह से ही लोग एकत्र हो गए थे। इस दौरान रिसोर्ट के मालिक को मौके पर बुलाकर उचित मुआवजे की मांग की जाने लगी। आक्रोशित लोगों ने सड़क पर उतरकर चक्काजाम प्रदर्शन करने का भी प्रयास किया। मौके पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे। मुआवजा संबंधी मामला सुलझ जाने के पश्चात लोग शांत हुए। सोमनी पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

माय एंगल

बक्शी स्कूल में उत्कृष्ट परिणाम के साथ प्रवेश प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर के ऐतिहासिक विद्यालय डॉ पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कक्षा दसवीं तथा बारहवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है।

जारी नतीजो मे कक्षा दसवीं में 94.33 अंको के साथ तनिषा बैरागी प्रथम, 93.66 अंको के साथ टाकेंद्र कुमार वर्मा द्वितीय और 93.16 अंको के साथ इशिका वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। वही कक्षा बारहवीं में 93.6 अंको के साथ उत्कर्ष प्रथम, 92.2 अंको के साथ छन्नी द्वितीय और 91.2 अंको के साथ चाँद तृतीय स्थान पर रहा। कक्षा दसवीं का कुल परीक्षा परिणाम 89.65 और बारहवी का 86.11 अंग्रेजी माध्यम का परिणाम ब्लॉक में सर्वाधिक रहा है।

पीएमश्री की लाटरी 12 मई को

लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार पीएम श्री डॉ पपुबक्शी उत्कृष्ट शास अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालय मे शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा पहली से आठवी में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों के विरूद्ध निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदन के परीक्षण उपरांत 10 मई को पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन किया जाएगा। सूची के आधार पर दिनांक 11 मई को शाम 4 बजे तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया जाएगा। दावा आपत्ति उपरांत पात्र आवेदकों की अंतिम सूची संस्था के सूचना पटल में चस्पा किया जावेगा। संबंधित आवेदक विद्यालय के सूचना पटल में उक्त सूची का अवलोकन कर सकते है। निर्धारित सीट से अतिरिक्त आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में प्रवेश 12 मई को लाटरी के माध्यम से होगा। प्राचार्य अनुराग सिंह ने बताया कि छात्र/ छात्रों का चयन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में बालकों व पालकों की उपस्थिति में लाटरी सिस्टम से विज्ञान भवन में निकाली जाएगी। उन्होने बताया कि रिक्त सीट व प्राप्त आवेदनों सहित पात्र अपात्र की जानकारी सूचना पटल का अवलोकन कर लिया जा सकता है।

रेडक्रॉस स्टीकर जनसहयोग अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मानव सेवा, करुणा और सामाजिक सहभागिता की भावना को सशक्त बनाने भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा द्वारा राज्य सोसायटी के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस स्टीकर जनसहयोग अभियान का शुभारंभ किया गया।

समाज के सहयोग से जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना और मानवीय सेवाओं को और अधिक प्रभावी व्यापक बनाने के उद्देश्य से जारी अभियान की शुरुआत जिला चेयरमैन विक्रांत सिंह द्वारा 5,100 रुपये की सहयोग राशि प्रदान कर की गई।

इसके पश्चात अध्यक्ष सह कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, राज्य प्रबंध मंडल सदस्य बिसेसरदास साहू, बीएमओ डॉ. विवेक बिसेन, शिक्षा विभाग से कमलेश्वर राजपूत, सुनील कुमार गुनी, डॉ डीपी साहू, निलेश यादव, हरिओम शर्मा व विवेक मेश्राम सहित सोसायटी सदस्य, अधिकारी व गणमान्य नागरिकों ने सहयोग राशि प्रदान कर अभियान को मजबूती दी।

सहयोग राशि संग्रहित

स्टीकर जनसहयोग अभियान को समाज से पहले ही दिन सकारात्मक प्रतिसाद प्राप्त हुआ और कुल 8,800 रुपए की सहयोग राशि संग्रहित की गई। सोसायटी ने बताया कि यह अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर संचालित रहेगा और प्राप्त राशि का उपयोग जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता, आपदा राहत कार्य, स्वास्थ्य सहायता सहित अन्य मानवीय सेवाओं में किया जाएगा। सोसायटी ने जिले के नागरिकों, संस्थाओं व सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे इस जनसहयोग अभियान से जुडकर मानव सेवा के पुनीत कार्य में सहभागी बनें।

तीन दिवसीय उर्स मुबारक 12 से

डोंगरगढ़। हजरत बाबा टेकरी वाले रहमतुल्लाह अलैह के दरबार में तीन दिवसीय उर्स मुबारक का आयोजन 12 मई से किया गया है। दरगाह कमेटी के अनुसार 12 मई को शाही संदल एवं पप्पू मटका पार्टी कामठी के साथ जुलूस निकाला जाएगा। यह जुलूस हाई स्कूल चौक से प्रारंभ होकर शहर भ्रमण करते हुए मजार शरीफ पहुंचेगा। आगामी 13 मई को हाफिज मौलाना मुफ्ती मोहम्मद रियाजुद्दीन की तकरीर होगी। वहीं नातख्वानी आयोजित होगा, जिसमें मदहे रसूल बुलबुले वाले मदीना सुल्तान रजा कादरी बुलबुले बागे मदीना अजहर रजा कादरी नागपुर अपनी प्रस्तुति देंगे। अंतिम दिन 14 मई को कुल की फातिहा होगी। तीनों दिनों तक आम लंगर का आयोजन रखा गया है। दरबार के सदर सरफराज नवाज एवं सेक्रेटरी विजय कोटांगले ने क्षेत्रवासियों से उर्स मुबारक में शामिल होने की अपील की है।

6 घंटे मशक्कत बाद आग पर पाया गया काबू

राइस मिल में लगी आग से मशीन और बारदाने खाक, 80 लाख रुपए का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के कांकेतरा स्थित राइस मिल केएस इंडस्ट्रीज में आज सुबह भीषण आगजनी हो गई। जिसमें राइस मिल के भीतर रखे लगभग 2 लाख बारदाने आग में जलकर खाक हो गए।

कांकेतरा स्थित एसके इंडस्ट्रीज में आज सुबह आग की लपटे उठते देख लोग दहशत में आ गए। आनन-फानन में मिल संचालक और फायर ब्रिगेड एवं पुलिस को आगजनी की सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों और फैक्ट्री के कर्मचारी की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। दो दमकल वाहन के माध्यम से लगभग 6 घंटे की मशक्कत के बाद इस आग पर काबू पाया गया। राइस मिल के एक हिस्से में लगी इस आग से लगभग 2 लाख से अधिक बारदाने जलकर खाक हो गए। इस आगजनी से लगभग 70 से 80 लाख रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है।

शॉर्ट-सर्किट से आगजनी की आशंका

एसके इंडस्ट्रीज राइस मिल में हुई आगजनी की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि शॉर्ट-सर्किट से आगजनी हुई है। गनीमत रही कि समय रहते इस भयावह आग पर काबू पा लिया गया, नहीं तो आग फैलने से करोड़ों का नुकसान हो सकता था। आगजनी के कारणों को लेकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

धान और चावल से भरी रखी थी बोरियां

राइस मिल के जिस हिस्से पर आग लगी थी, वहां पर बड़े पैमाने में हजारों धान और चावल से भरी बोरियां रखी हुई थी। जिससे आग बढ़ाने का खतरा बना हुआ था। दमकल कर्मियों की सूझबूझ और राइस मिल कर्मचारियों की सहायता से इस आग को फैलने से रोका गया। वहीं फायर ब्रिगेड की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग बुझा लिया गया।

खबर संक्षेप

ओड़ादबरी में बोर खनन कार्य का हुआ भूमिपूजन

कुण्डा। ग्राम पंचायत ओड़ादबरी में पेयजल समस्या को देखते हुए गुरु घासीदास चौक में बोर खनन कार्य का भूमिपूजन किया गया। यह कार्य जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट के जिला पंचायत मद एवं 15वें वित्त मद से कराया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में जनपद सदस्य अम्बिका गोलू सोनवानी, सरपंच अशोक कुर्रे, पूर्व सरपंच देवेंद्र कुर्रे, उपसरपंच अनिल कुमार, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से पानी की समस्या बनी हुई थी, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। बोर खनन कार्य शुरू होने से ग्रामवासियों में खुशी का माहौल है और लोगों ने जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता है तथा पेयजल समस्या के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

जिले में 10.77 करोड़ रुपये से अधिक राशि के मामलों का हुआ समाधान

नेशनल लोक अदालत में 31 हजार से अधिक प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य में आज 9 मई को तालुका न्यायालय के स्तर से लेकर उच्च न्यायालय तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ में आयोजित इस नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के मुख्य न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, के द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया।

जिसके पश्चात जिला कबीरधाम में आयोजित इस नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कु० संघरत्ना भतपहरी के द्वारा उक्त नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। नेशनल लोक अदालत को यादगार बनाने सेल्फी प्वाइंट तथा स्वास्थ्य शिविर की भव्यता नेशनल लोक अदालत में देखते ही बन रही थी। जिला न्यायालय के प्रवेश द्वार पर सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था, जिसमे पक्षकार अपनी मनमोहक फोटो तस्वीरों के माध्यम से जीवंत रख रहे थे। इस दौरान न्यायालय परिसर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आये हुए पक्षकारों द्वारा स्वास्थ्य लाभ भी लिया जा रहा था। उक्त लोक अदालत में जिले में कुल 11 खण्डपीठ गठित किया गया था, जिसमें से 10 खण्डपीठ जिला मुख्यालय कबीरधाम तथा 01 खण्डपीठ व्यवहार न्यायालय पण्डरिया में गठित की गई थी।

जिसमें राजीनामा योग्य समस्त दाण्डिक मामले, चेक बाउन्स के प्रकरण, समस्त प्रकार के व्यवहार वाद प्रकरण, मोटर दुर्घटना से उत्पन्न दावा प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय में लंबित वैवाहिक विवाद से संबंधित प्रकरण, इसके साथ ही प्री-लिटिगेशन मुकदमा पूर्व वाद प्रकरण यथा बिजली बिल, दूरभाष, बैंक लोन, जल कर से संबंधित प्रकरण रखे गये थे।

शराब के कारण बिखर चुके परिवार का हुआ एकीकरण

परिवार न्यायालय कबीरधाम में शराबी पति के शराब पीकर अपनी पत्नी तथा 02 बच्चों को परेशान किया जाता था तथा आय के सभी राशि को शराब में ही खर्च कर दिया जाता था। जिससे उस पत्नी द्वारा अपने तथा अपने दो बच्चों के भविष्य को देखते हुए पति से अलग रहकर पति से भरण-पोषण प्राप्त करने हेतु मुकदमा परिवार न्यायालय में संस्थित किया गया था। जिससे

पीठासीन अधिकारी के द्वारा उभय पक्षों से बातचीत कर कौटुम्बिक विवाद के वैकल्पिक समाधान के सभी माध्यमों से अवगत कराया गया जिससे उक्त दम्पत्ति द्वारा एक साथ रहकर जीवन यापन करना स्वीकार किया गया। इस प्रकार विभक्त हो चुके परिवार का एकीकरण लोक अदालत के माध्यम से साकार हुआ। वहीं परिवार न्यायालय में एक अन्य मामले में एक नवविवाहित दम्पत्ति जिनका विवाह वर्ष 2025 में संपन्न हुआ था। उनके मध्य मात्र 20-25 दिन बाद से ही उनके बीच विवाद होने से वह दोनों एक-दूसरे से अलग रहने लगे थे और पत्नी द्वारा अपने पति के विरूद्ध परिवार न्यायालय, कबीरधाम में मामला प्रस्तुत किया गया था। परिवार न्यायालय के पीठासीन न्यायाधीश के द्वारा उनके मध्य परामर्श कार्यवाही की गई, जिससे वह दोनो पति-पत्नी द्वारा उनके मध्य उत्पन्न सभी विवादों को भुलाकर पुनः एक साथ रहने हेतु सहमति प्रदान की गई। इस प्रकार दाम्पत्य जीवन में पुनः समझौता के आधार पर खुशहाल जीवन का एकीकरण संपन्न हुआ।

पेयजल की समस्या दूर करने गांव में बोर खनन

- सरपंच वर्षा निलेश चंद्रवंशी की पहल से मोहल्लावासियों को मिलेगी राहत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहतरा कला में पेयजल समस्या को देखते हुए सरपंच श्रीमती वर्षा निलेश चंद्रवंशी द्वारा प्रस्तावित स्थल पर बोर खनन कराया गया। लंबे समय से मोहल्लावासियों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा था, जिसे ध्यान में रखते हुए तत्काल पहल कर बोर खनन कार्य पूरा कराया गया। ग्रामवासियों ने बताया कि गर्मी के मौसम में पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता था। कई बार दूरस्थ स्थानों से पानी लाना मजबूरी बन जाता था।

अब बोर खनन होने से मोहल्ले के लोगों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है और पेयजल संकट से निजात मिलेगी। सरपंच श्रीमती वर्षा निलेश चंद्रवंशी ने कहा कि ग्राम पंचायत में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है। ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पानी जैसी आवश्यक सुविधा हर नागरिक तक पहुंचे, इसके लिए पंचायत स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

गौरतलब है कि इससे पहले भी ग्राम पंचायत मोहतरा कला में सरपंच द्वारा बुजुर्गों एवं आम नागरिकों के बैठने और सामाजिक गतिविधियों के लिए आकर्षक अटल उद्यान भवन का निर्माण कराया गया है, जिसकी आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी सराहना हो रही है। बोर खनन कार्य पूर्ण होने पर ग्रामवासियों ने सरपंच श्रीमती वर्षा निलेश चंद्रवंशी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान सरपंच, उपसरपंच, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 30 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

- सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन, जनप्रतिनिधियों ने बाराती बनकर दिया आशीर्वाद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत शुक्रवार को नगर के स्वामी आत्मानंद हाई स्कूल मैदान, बोड़ला में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया।

गरिमामय वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 30 जोड़ों का विवाह पूरे पारंपरिक रीति-रिवाज और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक शामिल हुए और बाराती बनकर नवदंपत्तियों को सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष जनपद पंचायत बोड़ला श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा, नगर पंचायत बोड़ला अध्यक्ष विजय पाटिल, भाजपा कबीरधाम महामंत्री नीतेश अग्रवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशीराम धुर्वे, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, जिला पंचायत सभापति श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू एवं राजकुमार मेश्राम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ललिता रूपसिंह धुर्वे एवं श्रीमती गंगा लोकचंद साहू, मंडल अध्यक्ष मोहन धुर्वे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष लव निर्मलकर, सभापति छोटेलाल मरकाम, पार्षद सोमनाथ धुर्वे, रमेश मेश्राम सहित अनेक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इसके अलावा श्रीमती विमला गौरीशंकर साहू, श्रीमती सद्भावना रवि वर्मा, श्रीमती संगीता चंद्रवंशी, श्रीमती बोधिनी हरिसिंह मेश्राम, नरेश चंद्रवंशी तथा भाजपा जिला प्रवक्ता काशीराम उइके ने भी नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

योजना को बताया सम्मान और सहारे का प्रतीक

सांसद प्रतिनिधि नरेश चंद्रवंशी ने कहा कि गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक बोझ अक्सर माता-पिता की सबसे बड़ी चिंता बन जाता है। ऐसे समय में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि हजारों जरूरतमंद परिवारों के लिए सम्मान और सहारे का प्रतीक बनकर सामने आई है। वहीं भाजपा जिला प्रवक्ता काशीराम उइके ने कहा कि यह योजना सामूहिक विवाह के माध्यम से जरूरतमंद बेटियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर सामाजिक समरसता, सादगी और बेटी सम्मान का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि दिखावे और कर्ज के बढ़ते दौर में यह योजना समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान विवाह स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। पूरे आयोजन में पारंपरिक संस्कृति और सामाजिक समरसता की झलक देखने को मिली। नवविवाहित जोड़ों और उनके परिजनों ने शासन की इस योजना के प्रति आभार व्यक्त किया।

तेज आंधी-तूफान व ओलावृष्टि पानी से जन-जीवन अस्त-व्यस्त

निर्माण कार्य के बीच बंद हुआ मार्ग, किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव क्षेत्र में शनिवार शाम अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। तेज आंधी-तूफान, बादलों की गर्जना और ओलावृष्टि के साथ हुई बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया।

करीब एक घंटे तक हुई तेज बारिश और हवा के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। क्षेत्र में दामापुर से प्रतापपुर सड़क निर्माण कार्य जारी है। बारिश और तेज आंधी के चलते निर्माणाधीन सड़क पूरी तरह बाधित हो गई, जिससे मार्ग बंद जैसी स्थिति निर्मित हो गई। सड़क पर कीचड़ और पानी भर जाने से राहगीरों एवं वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई लोगों को दूसरे वैकल्पिक रास्तों से होकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ा।

अचानक हुई ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र में बड़ी मात्रा में गन्ने की खेती की जाती है। किसानों का कहना है कि ओला गिरने से गन्ने की फसल प्रभावित हो सकती है, जिससे उत्पादन में कमी आने की आशंका है। मौसम में आए इस अचानक बदलाव से किसान वर्ग चिंतित नजर आ रहा है। तेज हवा और तूफान का असर पशु-पक्षियों पर भी देखने को मिला। पेड़ों पर बने पक्षियों के घोंसले बिखर गए और कई पक्षी इधर-उधर भटकते दिखाई दिए। ग्रामीणों के अनुसार लगातार बदल रहा मौसम अब आम नागरिकों के साथ-साथ जीव-जंतुओं के लिए भी परेशानी का कारण बनता जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से निर्माणाधीन सड़क मार्ग में जल्द व्यवस्था सुधारने और किसानों की स्थिति का सर्वे कराने की मांग की है।

गन्ना फसल पर मंडराया खतरा

कोलेगांव क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि और तेज आंधी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में किसान गन्ने की खेती करते हैं और वर्तमान समय में फसल की बढ़वार जारी है। किसानों का कहना है कि करा गिरने और तेज हवाओं से गन्ने की फसल झुक सकती है, जिससे उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बढ़ जाती है। वहीं लगातार बदल रहे मौसम और बे-मौसम बारिश से खेतों में जलभराव की स्थिति भी बन सकती है। किसानों ने बताया कि यदि आने वाले दिनों में इसी तरह मौसम खराब रहा तो फसल को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। अचानक बदले मौसम ने खेती-किसानी को लेकर ग्रामीण अंचल में चिंता का माहौल बना दिया है।

सड़क निर्माण के बीच बारिश बनी मुसीबत

दामापुर से प्रतापपुर मार्ग पर इन दिनों सड़क निर्माण कार्य जारी है। ऐसे में तेज बारिश और आंधी के कारण निर्माणाधीन सड़क पूरी तरह कीचड़ और पानी से भर गई। कई जगहों पर मिट्टी बह जाने से रास्ता फिसलन भरा हो गया, जिससे बाइक और छोटे वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों को गांव पहुंचने के लिए इधर-उधर वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ा। अचानक मार्ग बाधित होने से स्कूली बच्चों, किसानों और रोजमर्रा के कार्य से आने-जाने वाले लोगों को काफी दिक्कत हुई। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य के दौरान वैकल्पिक मार्ग और पानी निकासी की उचित व्यवस्था करने की मांग की है।

नगर सैनिक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा। जिले के ग्राम छिरहा स्थित नगर सेना कार्यालय में शनिवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब कार्यालय परिसर के शौचालय में एक जवान का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान नगर सेना में पदस्थ विनोद मेरावी के रूप में हुई है।

घटना की जानकारी मिलते ही विभागीय अधिकारियों और पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जवान हाल ही में विभागीय कार्रवाई के तहत निलंबित किया गया था, जिससे वह मानसिक तनाव में बताया जा रहा है। उस पर शराब के नशे में गाली-गलौच करने का आरोप लगा था, जिसके बाद उसे सस्पेंड कर दिया गया था।

प्रारंभिक जांच के दौरान उसके कमरे से सस्पेंशन लेटर भी बरामद हुआ है। इसी आधार पर यह आशंका जताई जा रही है कि निलंबन और उससे जुड़े मानसिक दबाव के चबते जवान ने यह आत्मघाती कदम उठाया होगा। बहरहाल पुलिस मृतक का शव बरामद कर मामले की जांच कर रही है।

लेकिन इस घटना के सामने आने के बाद विभाग पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं कि आखिर एक जवान तथा कथित विभागीय सुरक्षा के बीच परिसर में इस तरह से आत्महत्या कैसे कर सकता है।

बीजाझोरी 30 साल पुरानी सड़क समस्या होगी दूर

- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 1.34 किमी पक्की सड़क निर्माण शुरू।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

बरबसपुर पंचायत के आश्रित ग्राम बीजाझोरी में वर्षों पुरानी सड़क समस्या अब दूर होने जा रही है। ग्रामीणों की परेशानी और कच्ची सड़क की समस्या को संज्ञान में लेते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पक्की सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण के लिए साफ-सफाई, पुल-पुलिया निर्माण एवं अन्य प्रारंभिक कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम बीजाझोरी में 1.34 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण लगभग 125.88 लाख रुपए की लागत से कराया जा रहा है। निर्माण कार्य के लिए रेता, गिट्टी और सीमेंट सहित आवश्यक सामग्री भी स्थल पर पहुंचा दी गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में दलदल और कीचड़ के कारण गांव तक पहुंचना बेहद कठिन हो जाता था। अब पक्की सड़क बनने से बड़ी राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने बताया कि यह मांग लंबे समय से की जा रही थी। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के प्रयासों से अब सड़क निर्माण कार्य धरातल पर दिखाई देने लगा है। सड़क निर्माण शुरू होने से गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण से गांव का विकास तेज होगा और छात्र-छात्राओं, किसानों एवं आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

ग्रामीण घनाराम यादव, लाला प्रसाद साहू, महेंद्र चंद्रवंशी, हेमंत साहू, ललित चौहान, लेखराम साहू, गयाराम साहू, भोज यादव एवं सखरू धुर्वे सहित अन्य ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जताई है। ग्रामीणों के अनुसार पक्की सड़क बनने के बाद बरसात के मौसम में होने वाली परेशानी समाप्त होगी और बीजाझोरी गांव को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

नाली व सीसी सड़क बनने से बदलेगी गांव की तस्वीर

गौरव पथ निर्माण अब अंतिम चरण में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सारंगपुर खुर्द में गौरव पथ निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। गांव की गलियों में नाली एवं सीसी सड़क निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। कार्य पूर्ण होने के बाद लोगों को बरसात और गर्मी के दिनों में आवागमन एवं जल निकासी जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी।

जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम एवं क्षेत्रीय विधायक विजय शर्मा की पहल पर ग्राम सारंगपुर खुर्द में गौरव पथ निर्माण के लिए 41 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। राशि स्वीकृत होने के बाद ठेकेदार द्वारा युद्ध स्तर पर निर्माण कार्य शुरू कराया गया। वर्तमान में करीब 500 मीटर तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण का कार्य तेजी से जारी है और अब यह अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की कई गलियों में लंबे समय से कीचड़ और जलभराव की समस्या बनी रहती थी। बरसात के दिनों में आवागमन मुश्किल हो जाता था।

अब नाली एवं सीसी सड़क निर्माण होने से चार से पांच गलियों की तस्वीर बदलती नजर आ रही है। गांव में चल रहे विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। लोगों का कहना है कि गौरव पथ निर्माण पूरा होने के बाद गांव को बुनियादी सुविधाओं का बेहतर लाभ मिलेगा और साफ-सफाई व्यवस्था भी मजबूत होगी। ग्रामीण नागरिकों ने विकास कार्यों के लिए डिप्टी सीएम विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों से गांवों का स्वरूप बदल रहा है।

आधुनिकता के बीच बदलते दौर में बदल रही गांवों की वैवाहिक परंपराएं : विरेन्द्र चंद्रवंशी

कोलेगांव । आधुनिक दौर में गांवों की वैवाहिक परंपराओं में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। सामाजिक, तकनीकी और आर्थिक प्रभावों के कारण अब पारंपरिक विवाह पद्धतियों में आधुनिकता की झलक साफ दिखाई देने लगी है। यह बात सामाजिक चिंतक विरेन्द्र चंद्रवंशी कहा कि पहले विवाह पूरी तरह सामूहिक भागीदारी और परंपरागत रीति-रिवाजों पर आधारित होते थे। गांवों में चुलमाटी, तेल चढ़ी, मंगरोहन, परघौनी, भांवर और विदाई जैसी रस्में कई दिनों तक चलती थीं, लेकिन अब समय की कमी और बढ़ते खर्च के कारण कई परंपराएं सीमित होती जा रही हैं। उन्होंने बताया कि तकनीक के बढ़ते प्रभाव से अब रिश्ते मोबाइल, सोशल मीडिया और ऑनलाइन वैवाहिक वेबसाइटों के माध्यम से भी तय किए जा रहे हैं। वहीं डीजे, बैंक्वेट हॉल, कैटरिंग और आधुनिक सजावट का चलन गांवों तक पहुंच चुका है। विरेन्द्र चंद्रवंशी ने कहा कि शिक्षा और जागरूकता के कारण लड़कियों की भागीदारी बढ़ी है तथा बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं में कमी आई है। साथ ही अंतरजातीय और प्रेम विवाह को भी समाज में धीरे-धीरे स्वीकार्यता मिलने लगी है। उन्होंने कहा कि परंपराओं में बदलाव स्वाभाविक है, लेकिन संस्कारों और सामाजिक मूल्यों को बनाए रखना भी जरूरी है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

नाली निर्माण में मानकों की अनदेखी का आरोप, भ्रष्टाचार की बू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला।

निर्माण कार्य में बरते जा रहे भ्रष्टाचार व अनियमितता से ग्रामीणों में भारी नाराजगी, जांच कराए जाने की मांग

ग्राम पंचायत भीरा में सरकारी धन की लूट का एक ऐसा मामला सामने आया है जहां भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए कायदे-कानूनों की धज्जियां उड़ा दी गईं।

8.36 लाख रूपए की लागत से बन रही नाली में जब ग्रामीणों ने अनियमितता की शिकायत की, तो जिम्मेदार अधिकारियों ने जांच करने के बजाय ठेका एजेंसी को काम रफा-दफा करने का मौका दे दिया। हैरानी की बात यह है कि जब इस घटिया निर्माण की जानकारी कार्यक्रम अधिकारी और इंजीनियर को दी गई, तब कार्य प्रगति पर था। तकनीकी तौर पर गड़बड़ी दिखने के बावजूद अधिकारियों ने काम रुकवाने के बजाय जांच करेंगे का रटा-रटाया जवाब दिया।

लेकिन हकीकत में जांच टीम पहुंचने से पहले ही आनन-फानन में निर्माण कार्य को पूर्ण पूरा कर दिया गया, ताकि घटिया सरिया और खराब बेस कांक्रीट के नीचे दब जाए और सबूत मिटाया जा सके। जिसकी अब जांच कराए जाने की मांग की जा रही है।

क्यों उठ रहे हैं मिलीभगत के सवाल?

बताया जाता है कि इस निर्माण कार्य में कार्य एजेंसी स्वयं ग्राम पंचायत है, इसलिए निगरानी की जिम्मेदारी तकनीकी सहायक और इंजीनियर की थी। जांच से पहले काम का पूरा होना यह दर्शाता है कि इंजीनियर और पंचायत के बीच अंदरूनी सांठगांठ है। यही वजह है कि सबूत मिटाने की जल्दी की गई। ग्रामीणों ने बताया कि नाली के बेस में सरिया की दूरी मानकों से कई गुना अधिक थी और जमीन की सफाई भी नहीं की गई थी। इन कमियों को छिपाने के लिए ही कांक्रीट डालकर काम खत्म कर दिया गया।

तकनीकी खामियां जो भविष्य में बनेंगी मुसीबत

ग्रामीणों ने बताया कि सरिया के जाल में इतनी दूरी है कि भारी वाहन या पानी के दबाव से नाली बीच से टूट सकती है। मिट्टी और कचरे के ऊपर कांक्रीट डालने के कारण जमीन और स्लैब के बीच पकड़ नहीं बनी है। माना जा रहा है कि बिना उचित कवर ब्लॉक और सही ग्रेड के कांक्रीट के, यह नाली अपनी अनुमानित उम्र का 10 प्रतिशत समय भी नहीं निकाल पाएगी। ऐसे में सवाल उठाया जा रहा है कि क्या इंजीनियर और अधिकारी ने जानबूझकर ठेकेदार/पंचायत को सबूत छिपाने का समय दिया?, जांच से पहले ही कार्य पूर्ण कैसे मान लिया गया? क्या जिला प्रशासन इस दबाए गए भ्रष्टाचार की खुदाई करवाकर वास्तविक गुणवत्ता की जांच कराएगा?

खबर संक्षेप

ग्राम सिल्हाटी में नए सचिव की पदस्थापना

सिल्हाटी। विकासखंड स. लोहारा अंतर्गत ग्राम पंचायत सिल्हाटी में नवनियुक्त सचिव दया दास मानिकपुरी ने पदभार ग्रहण कर लिया। पंचायत कार्यालय में आयोजित पदभार ग्रहण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सिल्हाटी में पंचायत कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा दया दास मानिकपुरी की नियुक्ति की गई है। बताया गया कि पंचायत में लंबे समय से नए सचिव की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। सरपंच अर्जुन साहू की मांग और पहल पर शासन ने नियुक्ति आदेश जारी किया। पदभार ग्रहण कार्यक्रम के दौरान सरपंच अर्जुन साहू ने नवनियुक्त सचिव का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि उनके कार्यकाल में पंचायत के विकास कार्यों को गति मिलेगी तथा शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन होगा। इस अवसर पर पत्रकार लवकुश शर्मा, पंचगण एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने भी नवनियुक्त सचिव को शुभकामनाएं देते हुए पंचायत के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की।

महिला कैंसर जांच शिविर का आयोजन

कवर्धा। विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी कबीरधाम शाखा द्वारा जिला चिकित्सालय कबीरधाम में महिला कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के साथ कैंसर से बचाव, लक्षण और उपचार संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम का आयोजन राज्यपाल एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष रमेन डेका तथा राज्य शाखा के चेयरमेन तोमन साहू के निर्देशानुसार किया गया। जिले में यह शिविर कलेक्टर एवं रेडक्रॉस सोसायटी कबीरधाम शाखा के अध्यक्ष गोपाल वर्मा तथा चेयरमेन डॉ. सियाराम साहू के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ. डीके तुर्रे ने इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित जनसेवा गतिविधियों की जानकारी दी।

सांसद निधि से गांवों में होंगे निर्माण कार्य

कवर्धा। जिले के कवर्धा और सहसपुर लोहारा ब्लॉक के विभिन्न गांवों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए 9,98700 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। इन कार्यों का क्रियान्वयन जनपद पंचायत कवर्धा और सहसपुर लोहारा के सीईओ के माध्यम से किया जाएगा। प्रशासनिक जानकारी के मुताबिक निर्माण कार्यों के लिए राशि सांसद निधि से स्वीकृत की गई है।

प्रदर्शन: एसडीएम कार्यालय का किया घेराव कर संघ ने दिया अल्टीमेटम

समस्याओं को लेकर किसानों ने निकाली रैली, किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स. लोहारा

किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ, स/लोहारा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय लोहारा का घेराव किया गया। इस दौरान किसानों ने नहर विस्तार कार्य, चना खरीदी व्यवस्था, रकबा संशोधन, खाद वितरण में अनियमितता तथा राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को लेकर शासन-प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई।

संघ द्वारा तीन अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग की गई। भारतीय किसान संघ ने आरोप लगाया कि सुतियापाट नहर विस्तार कार्य को लेकर प्रशासन अत्यंत धीमा रवैया अपना रहा है। कई वर्षों से अधूरा पड़ा यह कार्य क्षेत्र के किसानों के लिए बड़ी समस्या बन गया है, जिसके कारण किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

किसानों ने मांग की कि सुतियापाट नहर निर्माण कार्य 20 मई तक पूर्ण कराया जाए तथा 15 जून तक खेतों में सिंचाई हेतु पानी छोड़ा जाए, ताकि खरीफ सीजन में किसानों को राहत मिल सके। दूसरे ज्ञापन में प्रधानमंत्री आशा योजना के अंतर्गत दलहन एवं तिलहन खरीदी व्यवस्था की बदहाली का मुद्दा उठाया गया।

किसान संघ ने बताया कि लोहारा क्षेत्र की 12 समितियों में खरीदी केंद्र प्रस्तावित होने के बावजूद केवल एक-दो स्थानों पर ही खरीदी शुरू हो सकी है। कई केंद्रों में अब तक स्लॉट बुकिंग और ई-स्टैक पंजीयन पोर्टल प्रारंभ नहीं किए गए हैं, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों ने सभी खरीदी केंद्रों में तत्काल खरीदी प्रारंभ कराने की मांग की। तीसरे ज्ञापन में सहकारी समितियों के माध्यम से खाद वितरण में हो रही अनियमितताओं और कालाबाजारी पर चिंता जताई गई। किसानों का आरोप है कि डीएपी, यूरिया और अन्य आवश्यक खाद समय पर उपलब्ध नहीं हो रही है, जबकि निजी दुकानों में अधिक कीमत पर खाद बेची जा रही है। किसान संघ ने पर्याप्त मात्रा में उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने तथा कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

पटवारियों पर खुलेआम रिश्वतखोरी का आरोप

घेराव के दौरान किसानों ने तहसील कार्यालय में राजस्व संबंधी कार्यों के लिए स्पष्ट रेट कार्ड लगाने की भी मांग की। किसानों ने आरोप लगाया कि पटवारियों द्वारा खुलेआम रिश्वतखोरी की जा रही है तथा बिना लेन-देन के किसानों के कार्य नहीं किए जा रहे हैं। किसानों का कहना था कि अधिकारियों के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है, जिससे आम किसान परेशान हैं।

किसानो ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

भारतीय किसान संघ, स/लोहारा जिला कबीरधाम ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो 25 मई को चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। घेराव कार्यक्रम में प्रदेश महिला प्रमुख अदिति कश्यप, प्रचार प्रभारी संजय साहू, जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी, जिला मंत्री जीवन यादव, उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, तहसील अध्यक्ष मूलचंद साहू, अरविंद शर्मा, विजय साहू, महिला प्रमुख द्रोपदी वर्मा आदि उपस्थित थे।

कवर्धा वन मण्डल में एआई प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

वनमण्डल कार्यालय कवर्धा के सभाकक्ष में शनिवार को वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स की उपयोगिता पर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

वनमण्डलाधिकारी निखिल अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में अधिकारियों और कर्मचारियों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से वन प्रबंधन एवं प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने की जानकारी दी गई।

कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में रायपुर से पहुंचे एआई ट्रेनर शिवम बंसल ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को भविष्य की तकनीक और विभागीय कार्यों में एआई की उपयोगिता से अवगत कराया। उन्होंने विभिन्न आधुनिक एआई टूल्स का व्यावहारिक प्रदर्शन करते हुए बताया कि इन तकनीकों के माध्यम से विभागीय कार्यों को सरल, तेज और अधिक सटीक बनाया जा सकता है।

प्रशिक्षण सत्र में एसडीओ अभिनव केशरवानी, एसडीओ शिवेंद्र भगत, एसडीओ कीर्तिवर्धन, भोरमदेव अभयारण्य की अधीक्षक श्रीमती अनीता साहू, वनमण्डल के समस्त परिक्षेत्र अधिकारी, लिपिकीय स्टाफ एवं कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे।

कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने की आवश्यकता जताई।

7 बल्क लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में अवैध कच्ची महुआ शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग वृत्त स. लोहारा ने ग्राम सहसपुर में दबिश देकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से 7 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 700 रुपये बताई गई है। विभाग ने आरोपी के खिलाफ गैर जमानती प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार 08 मई 2026 को वृत्त स. लोहारा क्षेत्र में अवैध मदिरा निर्माण एवं बिक्री की सूचना मिलने पर आबकारी विभाग की टीम ने तीन स्थानों पर छापेमारी की। इसी दौरान ग्राम सहसपुर वार्ड क्रमांक 13 निवासी रमेश कुमार खुसरो पिता मनराखन खुसरो, उम्र 53 वर्ष, जाति गोंड़, के घर में दबिश दी गई।

तलाशी के दौरान उसके मकान से 7 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद हुई, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया। आबकारी विभाग ने आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 (संशोधित) की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया।

विभाग का कहना है कि अवैध शराब के धारण और विक्रय के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई वृत्त स. लोहारा प्रभारी रामानंद दीवान के नेतृत्व में की गई। टीम में आबकारी उपनिरीक्षक (परि.) रिखीराम नेताम, सुश्री नवराति कुजुर, मुख्य आरक्षक विद्यासिंह परमार, आरक्षक इम्तियाज खान, आकाश चौहान तथा वाहन चालक देव शामिल रहे।

पंडरिया के वनांचल में करीब आधे घंटे तक झमाझम बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि

- तेंदूपत्ता तोड़ाई प्रभावित, वनोपज सहित अन्य फसल पर मार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

बीते कई दिनों से अंचल के मौसम में जारी उतार-चढ़ाव के बीच शनिवार को जिले के पंडरिया विकासखंड के वनांचल क्षेत्रों में जोरदार बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि हुई।

करीब आधे घंटे तक चली बारिश और ओलों की मार से जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर वनोपज और फसलों को नुकसान पहुंचने की खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार पंडरिया विकासखंड के वन क्षेत्रों में अचानक मौसम बदल गया और तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई।

देखते ही देखते कई इलाकों में ओलावृष्टि भी होने लगी। अचानक बदले मौसम से लोगों को गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन प्रभावित रहा। वनांचल से मिली जानकारी के मुताबिक इस बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि का सबसे अधिक असर वनोपजों पर पड़ा है। वर्तमान में वन क्षेत्रों में तेंदूपत्ता तोड़ाई का कार्य चल रहा है, जो बारिश और ओलों के कारण प्रभावित हुआ।

बारिश के चलते तेंदूपत्तों की गुणवत्ता पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है, जिससे संग्राहकों को आर्थिक नुकसान हो सकता है। इसके अलावा आम, महुआ, चार और इमली जैसी वन उपज एवं फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। कई स्थानों पर पेड़ों से कच्चे फल और फूल झड़ने की सूचना मिली है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बदलते मौसम के कारण खेती-किसानी और वनोपज संग्रहण दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

कवर्धा में तेज धूप के बीच छाई रही बदली

हालांकि शनिवार देर शाम तक कवर्धा जिला मुख्यालय में मौसम सामान्य बना रहा। दिनभर आसमान में बादलों की आवाजाही और धूप के बीच लुका-छिपी का दौर चलता रहा, लेकिन बारिश या ओलावृष्टि जैसी स्थिति नहीं बनी। मौसम के लगातार बदलते मिजाज से किसान और ग्रामीण चिंतित नजर आ रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार की बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से खरीफ पूर्व तैयारियों पर भी असर पड़ सकता है। फिलहाल अंचल में मौसम का अस्थिर दौर जारी है और लोग आने वाले दिनों में मौसम के और बिगड़ने की आशंका जता रहे हैं।

युवा मित्र मंडल की प्रदेश कार्य समिति घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गैर-राजनीतिक संगठन युवा मित्र मंडल की प्रदेश समिति की घोषणा की गई। जिसमें कबीरधाम जिले के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जानकारी के मुताबिक प्रदेश समिति में सुधीर सेंगर को प्रदेश अध्यक्ष, राहुल चौरसिया को प्रदेश उपाध्यक्ष, शरद वर्मा को प्रदेश मंत्री, सत्यम शिवम सुंदरम शुक्ला को प्रदेश विधि प्रमुख, रमेश साहू को प्रदेश वित्त प्रमुख, बृजेश तिवारी को प्रदेश नभो मार्ग (मीडिया) प्रमुख, हरीश चौहान को प्रदेश गौ सेवा एवं संवर्धन प्रमुख तथा दुर्गेश देवांगन को प्रदेश हनुमत दल (युवा शक्ति) प्रमुख नियुक्त किया गया। इस अवसर पर आदित्य वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष आशीष दुबे, आर्ट ऑफ लिविंग से कैलाश शर्मा तथा युवा मित्र मंडल के संरक्षक मारुति शरण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के वरिष्ठ सदस्यों की भी उपस्थिति रही, जिन्होंने संगठन को आशीर्वाद प्रदान किया। अंत में सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

अंचल के ग्रामीण किसानों की फसल और मकानों को भारी नुकसान

बंदरों से परेशान ग्रामीणों ने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते बंदरों के आतंक से किसान और ग्रामीण गंभीर परेशानी का सामना कर रहे हैं। फसलों की बर्बादी, मकानों को नुकसान और सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है।

इसी समस्या को लेकर ग्राम खपरी निवासी किसान दिनेश चन्द्रवंशी ने मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित किसान दिनेश चन्द्रवंशी एवं ग्रामीणों ने बताया कि बंदरों के झुंड खेतों में घुसकर गन्ना, चना, अरहर, मसूर, तिवरा सहित फल-सब्जियों की फसल को खाकर और रौंदकर पूरी तरह नष्ट कर देते हैं। सबसे अधिक नुकसान गन्ना फसल को हो रहा है, जिससे किसानों को प्रति एकड़ हजारों रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दिनभर रखवाली करने के बाद भी फसल सुरक्षित नहीं बच पा रही है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि बंदर खपरैल और कच्चे मकानों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। कई स्थानों पर बंदरों के कूदने से मकानों की छतें क्षतिग्रस्त हो रही हैं, जिसके चलते लोगों को मजबूरी में कच्चे मकानों को तोड़कर पक्के मकान बनवाने पड़ रहे हैं। इससे आर्थिक बोझ और बढ़ गया है। पीड़ित किसानों के अनुसार बंदरों के कारण छोटे और सीमांत किसान खेती छोड़ने की स्थिति में पहुंच रहे हैं। पहले ग्रामीण अपने घरों के उपयोग के लिए छोटी बाड़ी में सब्जियां उगा लेते थे, लेकिन अब बंदरों के आतंक के कारण यह भी संभव नहीं हो पा रहा है।

ग्रामीणों ने सड़क दुर्घटनाओं की समस्या भी उठाई है। उनका कहना है कि अचानक सड़क पार करने वाले बंदरों के कारण दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

बंदरों को पकड़कर जंगल में छोड़ने की मांग

प्रशासन से मांग की है कि वन विभाग की रेस्क्यू टीम भेजकर बंदरों को वैज्ञानिक तरीके से पकड़कर जंगल या अभ्यारण्य में छोड़ा जाए। साथ ही प्रभावित किसानों की फसल और मकानों के नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने तथा बंदरों को भगाने के आधुनिक उपायों के लिए प्रशिक्षण और सहायता उपलब्ध कराने की मांग भी की गई है।

गर्मी के चलते बढ़ी मौसमी और रसीले फलों की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लू के गर्म थपेड़े व चिलचिलाती धूप से राहत पाने लोग शीतल पेय के साथ-साथ ठंडकता प्रदान करने वाले तरबूज, खरबूज, ककड़ी व आम जैसे फलों का भरपूर उपयोग कर तेज गर्मी से होने वाले दुष्प्रभाव से काफी हद तक बचे हुए हैं।

इनके सेवन से मौसमी बिमारियों से आसानी से बचा जा सकता है। सूर्य की तेज किरणों तथा झुलसा देने वाली गर्म हवाओं ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। बढ़ी हुई गर्मी से राहत पाने के लिए लोग रहन सहन के साथ-साथ खानपान पर भी विशेष ध्यान दे रहे हैं। अपने भोजन तथा नास्ते में ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। जिसमें प्राकृतिक रूप से भरपूर मात्रा में मिनरल्स विटामिन तथा शीतलता मौजूद रहे। इस मौसम में इन सभी गुणों से भरपूर फल तरबूज, खरबूज व ककड़ी है।

जिनकी पूछ परख इन दिनों खासी बनी हुई है। नगर के गलियों तथा चौक चौराहों में आसानी से मिलने वाले ये फल गर्मी में शीतलता तो प्रदान करते ही हैं।

जिले की लोकल बाड़ी और बाहरी फसल नगर में तरबूज की कीमत 50 रूपए से 150 रूपए तक प्रति नग है। खरबूज भी 30 रूपए से 40 रूपए प्रतिकिलो बिक रहा है। वहीं ककड़ी 30 रूपए प्रतिकिलो बिक रही है। इसके साथ आम लोगों की पहुंच से फिलहाल दूर है क्योंकि अभी आम के दाम ज्यादा हैं।

मौसम में अचानक परिवर्तन, गर्मी से मिली राहत

तेज हवाओं के साथ आधे घंटे की हल्की बारिश से अंधेरे में डूबा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कारधानी राजनांदगांव में शनिवार शाम मौसम ने अचानक करवट बदली। पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और 45.5 डिग्री तक पहुंच रहे तापमान से जूझ रहे शहरवासियों को बारिश ने राहत तो दी, लेकिन महज आधे घंटे की इस बारिश ने शहर की विद्युत व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी।

शनिवार शाम करीब 5.30 बजे आसमान में काले बादल छा गए और धूल भरी आंधी के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग ने पहले ही प्रदेश में उत्तर-पश्चिमी शुष्क हवाओं और ट्रफ लाइन के प्रभाव से अंधड़ और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया था। आधे घंटे की इस झमाझम बारिश से पारा तो गिर गया, लेकिन जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

मेंटेनेंस के दावों की खुली पोल

बारिश शुरू होते ही शहर के अधिकांश इलाकों की बिजली गुल हो गई। रेवाडीह, अटल विहार, चिखली और लखोली जैसे क्षेत्रों समेत बसंतपुर और शहर के मध्य इलाकों में भी घंटों अंधेरा छाया रहा। बिजली विभाग के अनुसार तेज हवाओं के कारण कई जगहों पर पेड़ों की टहनियां लाइनों पर गिर गई और कुछ क्षेत्रों में इंसुलेटर पंचर होने के कारण आपूर्ति बाधित हुई।

बढ़ा हादसों का खतरा

एक ओर जहां घरों में लोग बिना पंखे और रोशनी के परेशान रहे। वहीं सड़कों पर स्ट्रीट लाइटें बंद होने से राहगीरों की मुश्किलें बढ़ गई। खासकर बाईपास और डोंगरगांव रोड पर अंधेरे के कारण वाहनों की आवाजाही जोखिम भरी रही। लोगों का कहना है कि विभाग बरसात पूर्व मेंटेनेंस का दावा तो करता है, लेकिन हल्की सी बारिश भी सिस्टम को धराशाही कर देती है।

आने वाले दिनों का पूर्वानुमान

मौसम विभाग के अनुसार राजनांदगांव में अगले 2-3 दिनों तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रह सकता है। विभाग ने 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की चेतावनी बरकरार रखी है।

चाकू लेकर दहशत फैलाते दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सार्वजनिक स्थान पर चाकू लेकर लोगों को डराने व दहशत फैलाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार रात्रि में संचालित ब्लैक पैंथर टीम को प्राप्त सूचना के आधार पर थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते उपरोक्त दोनों आरोपियों को पृथक-पृथक स्थानों से आरोपी मो. मोक्सेद 35 वर्ष व मो. सुमन खान 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी आम जगह पर धारदार चाकू लेकर लोगों को भयभीत एवं आतंकित करते पाए गए।

आरोपियों के कब्जे से लोहे के धारदार चाकू बरामद कर जब्त किए गए तथा आरोपियों के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल भेजा गया।

कॉलेज में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कल से

राजनांदगांव। दिग्विजय स्टेडियम समिति के तत्वाधान में पहली बार विभिन्न खेलों के समर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। आगामी 11 मई को संध्या 4 बजे से दिग्विजय स्टेडियम के इंडोर हालों में शतरंज एवं टेबल टेनिस के ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण लगाए जाएंगे। शिविर में अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा नवगांतुक बच्चों को इन खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। दिग्विजय स्टेडियम में इन दिनों बास्केटबॉल, बैडमिंटन एवं क्रिकेट के प्रशिक्षण शिविर चल रहे हैं। दिग्विजय स्टेडियम समिति द्वारा युवाओं में लोकप्रिय बिलियड्र्स ,स्नूकर के पुल टेबल खेलों का भी प्रारंभ 11 मई से होने जा रहा है। टेबल टेनिस एवं शतरंज के प्रशिक्षण शिविर हेतु इच्छुक बालक एवं बालिकाओं की 18 वर्ष से कम होनी चाहिए।

उक्त जानकारी देते स्टेडियम समिति के प्रबंधक देवेंद्र ठाकुर ने बताया कि ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में बच्चों को मोबाइल की लत ना लगे इसके लिए समिति ने यह प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ करने का निश्चय किया है। प्रशिक्षण शिविर के लिए इच्छुक बालक एवं बालिकाएं अथवा उनके अभिभावक दिग्विजय स्टेडियम के कार्यालय में अपना नाम दोपहर 3 से 5 बजे के मध्य लिखवा सकते हैं। समिति के प्रभारी अधिकारी के साथ मिलकर दिग्विजय स्टेडियम समिति के नवनियुक्त सचिव रमेश पटेल एवं सह-सचिव योगेश बागड़ी ने उक्त तैयारियों को अंतिम रूप दिया है। प्रशिक्षण शिविर दोनों ही चरणों सुबह एवं शाम में आयोजित किए जाएंगे। बिलियड्र्स एवं स्नूकर के पुल टेबलों के लिए उम्र के बंधन की बाध्यता नहीं होगी।

बीयर-व्हिस्की जब्त आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी से बीयर एवं व्हिस्की जब्त कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 7 मई को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि बधियाटोला निवासी आरोपी भूपेन्द्र सिन्हा 51 वर्ष बधियाटोला रोड स्थित रतबहिनी माता मंदिर के पास अधिक मात्रा में शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री हेतु ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को पकड़कर तलाशी ली गई।

पुलिस ने की कार्रवाई

तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 9 बोतल किंग फिशर स्ट्रांग बीयर कीमत लगभग 1800 रुपए एवं 4 बोतल इम्पीरियल ब्लू व्हिस्की कीमत लगभग 3200 रुपए तथा शराब बिक्री रकम 500 रुपए कुल जुमला कीमत 5500 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।

शराब ले जाते पकड़े गए, 72 पौवा शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक में अवैध रूप से शराब परिवहन एवं अवैध रूप से बिक्री किए जाने की सूचना पर पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में आरोपियों को पकड़ा। जिनसे कुल 72 पौवा शराब एवं बाइक जब्त कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने प्राप्त सूचना के आधार पर पृथक-पृथक टीम गठित कर आरोपी विकास नेताम, मोहसीन खान एवं टेकूराम सिन्हा को अवैध रूप से शराब परिवहन एवं बिक्री करते पाए जाने पर तीनों आरोपियों के कब्जे से पृथक-पृथक स्थानों से कुल 72 पौवा देशी प्लेन शराब, बिक्री रकम 400 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल को जब्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई की गई। आबकारी एक्ट 34(2) के आरोपी विकास नेताम को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

किराना दुकान से जर्दायुक्त गुटखा जब्त

पुलिस के अनुसार इसी कड़ी में सूचना प्राप्त हुई कि कमलेश कुमार गुप्ता 52 वर्ष निवासी नंदई चौक थाना बसंतपुर अपने किराना स्टोर्स में जर्दायुक्त गुटखा बिक्री कर रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते अनावेदक के कब्जे से 4 पैकेट राजश्री, 4 पैकेट पानराज तथा 4 पैकेट सितार जर्दायुक्त गुटखा जब्त कर उसके विरुद्ध कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू, उपनिरीक्षक नरेश सार्वा, इब्राहिम खान, महिला प्रधान आरक्षक मेनका साहू, आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, कुश बघेल, राजेश बंदेश्वर एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।